रोहतक
गुरुवार, 20 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 291
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 28.8
न्यून. 6.8

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़त |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,186.47 | 513.45 ▲ |
| निफ्टी | 26,052.65 | 142.60 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **उछाल** |
| सोना | 1,27,300/- | 1500/- ▲ |
| चांदी | 1,60,000/- | 4000/- ▲ |


(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 88.58 | 2 पैसे ▲ |

क्रूड ऑयल 64.58 बैरल 0.46% ▼
पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### हिंसा के बाद पहली बार मणिपुर जाएंगे भागवत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत दो साल पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद पहली बार मणिपुर का दौरा करेंगे। संगठन के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। वह 20 नवंबर को मणिपुर पहुंचेंगे और 22 नवंबर 2025 को उनकी वापसी होगी। तीन दिवसीय प्रवास के दौरान भागवत नागरिकों, उद्यमियों और आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। *एजेंसी*

### इन्फ्लुएंसर ओरी को ड्रग्स मामले में समन



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओरी को 252 करोड़ के ड्रग्स मामले में तलब किया है। न्यूज एजेंसी ने मुंबई पुलिस के हवाले से बताया कि ओरी को गुरुवार सुबह 10 बजे एंटी-नारकोटिक्स सेल की घाटकोपर यूनिट में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा गया है। मामला मार्च 2024 का है, जब पुलिस ने सांगली की एक फैक्ट्री से 126.14 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त की थी। *एजेंसी*

### नक्सलियों से मुठभेड़ में इंस्पेक्टर आशीष शहीद



**भोपाल।** बालाघाट में नक्सलियों से मुठभेड़ में हॉक फोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा शहीद हो गए। उन्हें गोली लगी थी। एंटी नक्सल ऑपरेशन डीजीपी पंकज श्रीवास्तव ने इसकी पुष्टि की है। डीजीपी ने बताया कि बुधवार को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ ने ज्वॉइंट ऑपरेशन चलाया था। तीनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र के बोर तालाब के पास नक्सलियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। *एजेंसी*

### वाट्सएप के 350 करोड़ यूजर्स का डेटा लीक




**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रियन रिसर्चर्स का दावा है कि वाट्सएप की पूरी मेंबर डायरेक्टरी ऑनलाइन और अनप्रोटेक्टेड काफी समय तक थी और डार्क वेब पर इसे बेचा भी जा रहा था। उसने बताया कि वो 350 करोड़ यूजर्स के फोन नंबर्स और दूसरे प्रोफाइल डेटा वो डाउनलोड कर सकते थे। जब हमने इसकी गहराई में जाकर जांच की तो पता चला कि यह कोई मामूली 'हैक' नहीं है जहां किसी ने सर्वर को डिफेस किया गया है। *एजेंसी*

### सिडनी में दुर्घटना में भारतीय महिला की मौत



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में कार की चपेट में आने से भारतीय मूल की एक गर्भवती महिला की अपने अजन्मे बच्चे के साथ मौत हो गयी। आठ महीने की गर्भवती समन्विता धारेश्वर (33) तकनीकी विशेषज्ञ थी। पिछले शुक्रवार रात 8 बजे के कुछ देर बाद धारेश्वर अपने पति और तीन साल के बेटे के साथ सिडनी में जॉर्ज स्ट्रीट, हॉर्न्सबी पर सैर कर रही थीं। *एजेंसी*

# दिल्ली धमाका : उत्तरप्रदेश में मिली हरियाणा नंबर की कार, शाहीन और मुजम्मिल ने बम बनाने के लिए यूनिवर्सिटी से चुराए केमिकल

### अल-फलाह ग्रुप का चेयरमैन जवाद सिद्दीकी 13 दिन के रिमांड पर

**नई दिल्ली/फरीदाबाद।** दिल्ली में 10 नवंबर को हुए धमाके मामले में गिरफ्तार फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी की डॉ. शाहीन सईद के करीबियों पर उत्तर प्रदेश में एटीएम और एनआईए ने छापेमारी की। कानपुर के हितकारी नगर में एक हरियाणा नंबर की कार मिली है। यह कार किसकी है, अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है। बताया गया है कि ब्लास्ट से 25 दिन पहले डॉ. शाहीन कानपुर आई थी। वहीं, डॉ. शाहीन और मुजम्मिल ने पूछताछ में एनआईए को बताया है कि उन्होंने बम बनाने के लिए यूनिवर्सिटी की लैब से केमिकल चोरी किए थे। उधर, मनी लॉन्डिंग केस में ईडी की टीम ने छापे के बाद अल-फलाह ग्रुप के चेयरमैन जवाद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर 13 दिन की रिमांड पर लिया है। सर्च में 9 शेल कंपनियों का पता चला है, जो एक ही पते पर रजिस्टर्ड थीं। इनके प्रमोटर्स भी एक हीं हैं।

**ब्लास्ट से पहले पुलवामा गया था आतंकी उमर**

### यूनिवर्सिटी की 415 करोड़ की आय का खुलासा

अल-फलाह ग्रुप से जुड़े 25 ठिकानों पर रेड की थी। जांच में सामने आया कि यूनिवर्सिटी ने 2014-15 में लगभग 31 करोड़ और 2015-16 में लगभग 29.5 करोड़ रुपये दान के रूप में दिखाए थे। 2018-19 में कमाई लगभग 24 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 80 करोड़ रुपये हो गई। सात साल में यूनिवर्सिटी को 415 रुपये की कमाई हुई।



उमर नबी पूरी फिदायीन टीम तैयार कर रहा था और उसका टारगेट कई राज्यों के युवा थे।

### आत्मघाती हमलावर की टीम बना रहा था उमर

एनआईए की जांच में यह भी पता चला है कि डॉ. उमर नबी अपने जैसे और भी सुसाइड बॉम्बर बनाना चाहता था। इसके लिए वह युवाओं का ब्रेनवॉश करने के लिए उन्हें मोटिवेट करने वाले वीडियो भेजता था। ऐसे वीडियो 11 लोगों को भेजे गए थे, जिनमें से 7 कश्मीरी युवा थे और किसी न किसी तरह यूनिवर्सिटी से जुड़े थे।

### अल फलाह यूनिवर्सिटी के 10 छात्र लापता, जैश और आत्मघाती हमले के लिए पाक एप पर मांग रहा चंदा




अल फलाह यूनिवर्सिटी एक बार फिर शक के घेरे में है। यूनिवर्सिटी से जुड़े 10 लोग दिल्ली ब्लास्ट के बाद से लापता हैं। उनके फोन भी बंद है। एजेंसी को शक है कि ये सभी ब्लास्ट में शामिल हो सकते हैं, जो ग्राउंड वर्कर का काम कर रहे थे। उधर, आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद ने भारत पर और आत्मघाती हमले के लिए फंड जुटाना शुरू कर दिया है। जैश ने 6400 रुपये का फंड मांगा है। ये पैसे पाकिस्तान के एक ऑनलाइन पेमेंट एप के जरिए इकट्ठे किए जा रहे हैं।




**पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी**

## प्रदेश के 15.82 लाख किसानों के खातों में आए 316.38 करोड़ रुपये

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देशभर के किसानों के खातों में 21वीं किस्त जारी की। इस अवसर पर हरियाणा के 15 लाख 82 हजार किसानों को 316 करोड़ 38 लाख करोड़ रुपए की राशि सीधे लाभार्थी खातों में हस्तांतरित की गई। इस उपलक्ष्य में जिला पलवल में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त, सभी जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों तथा सांसदों ने भाग लिया। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण देखा और सुना गया। योजना के तहत अब तक जारी 21 किस्तों में हरियाणा के किसानों को कुल 7,233 करोड़ 74 लाख रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है।

### सरकार किसान को सशक्त बनाने के लिए कर रही काम



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान को मजबूत, सशक्त और खुशहाल बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए मूल्य संवर्द्धित फसलों की ओर रुख करें, फार्म प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित करें, फार्म-टू-फोर्क मॉडल अपनाएं तथा एग्री-टूरिज्म और ब्रांडिंग को बढ़ावा दें।

### आज 11.30 बजे गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह, मोदी-शाह होंगे शामिल

# 10वीं बार बिहार के सीएम पद की शपथ लेंगे नीतीश

### नवनिर्वाचित विधायकों ने विधायक दल का नेता चुना

**पटना (भाषा)।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल की बैठक में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से नेता चुना गया। विधानमंडल के सेंट्रल हाल में आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन जदयू के वरिष्ठ नेता बिजेंद्र प्रसाद यादव और लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी समेत सभी सहयोगी दलों के विधायकों ने किया। इसके साथ ही नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता औपचारिक रूप से साफ हो गया। राजग की बैठक के बाद नीतीश कुमार राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिलने राजभवन जाएंगे और नई सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें 75 वर्षीय नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इससे पहले राजग के प्रमुख घटक दलों ने बुधवार को अपने-अपने विधायक दल के नेताओं को चुना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना गया। वहीं, भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों ने वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना। शपथग्रहण कार्यक्रम में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

*कुल 243 सदस्यीय विधानसभा में राजग ने 202 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया है। चुनाव में भाजपा को 89, जदयू को 85, लोजपा (रामविलास) को 19, 'हम' को पांच और रालोमो को चार सीटें मिली हैं। भाजपा विधानसभा में पहली बार सबसे बड़ी पार्टी बनी है।*

**शपथ ग्रहण समारोह में 11 राज्यों के सीएम होंगे शामिल**

अमित शाह तय करेंगे मंत्रियों की सूची

### सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा बन सकते हैं उप मुख्यमंत्री



**ये मंत्री संभव**

#### चिराग पासवान ने 2 पद की मांग रखी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पटना में नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद बीजेपी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में मंत्रियों की लिस्ट फाइनल होगी। इधर, सूत्रों के अनुसार चिराग पासवान ने एनडीए में 2 मंत्री पद की डिमांड रखी है। चिराग अपने बहनोई अरुण भारती का नाम बढ़ा सकते हैं। इस बार विधानसभा चुनाव में एलजेपी(आर) ने 19 सीटें जीती हैं।



सम्राट चौधरी | नितिन नवीन | मंगल पांडे | मनोज शर्मा | रजनीश कुमार | रमा निषाद | रेणु देवी | नीतीश मिश्रा

**सलमान के घर फायरिंग का आरोपी**

## अमेरिका से भारत लाया गया लॉरेंस का भाई अनमोल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से डिपोर्ट कर बुधवार को दिल्ली लाया गया। इसके बाद एयरपोर्ट पर एनआईए ने कस्टडी में ले लिया और पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। यहां उसे 14 दिन की एनआईए की कस्टडी में भेज दिया गया। अमेरिका से कुल 200 लोगों को डिपोर्ट किया गया है, इनमें भारत के 3 लोग हैं। अनमोल के अलावा 2 लोग पंजाब के हैं। अभी इनके बारे में जानकारी नहीं मिली है। गैंगस्टर अनमोल अप्रैल, 2024 में बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग मामले में वांटेड आरोपी है। वह पिछले साल मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का मुख्य आरोपी भी है। अनमोल का नाम 2022 में पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी सामने आया था।



बाबा सिद्दीकी और मूसेवाला के मर्डर का आरोप

**संसद हमारे फैसले नहीं पलट सकती**

## सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किए ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट 2021 के प्रावधान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट 2021 के कई महत्वपूर्ण प्रावधानों को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि संसद मामूली बदलाव करके कोर्ट के फैसले को नहीं बदल सकती। कोर्ट ने कहा कि सरकार ने वही प्रावधान कानून में फिर से डाल दिए, जिन्हें पहले भी कोर्ट ने खारिज किया था। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन ने बुधवार को 137 पेज का फैसला सुनाया। 11 नवंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। पूरा मामला 2020 से जुड़ा है। नवंबर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल पांच साल तय किया था। सरकार 2021 में नया कानून ले आई और कार्यकाल चार साल कर दिया। इसके बाद मद्रास बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।

मद्रास बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई थी याचिका

**प्रदूषण को लेकर सुनाया फैसला**

## दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स कार्यक्रम न हों : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नवंबर-दिसंबर में स्कूलों में होने वाले स्पोर्ट्स कार्यक्रम पर रोक लगनी चाहिए। कोर्ट ने यह आदेश सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह के सवाल पर दिया। अपराजिता सिंह ने कहा था कि दिल्ली में मौजूदा वक्त में प्रदूषण के स्तर को देखते हुए ऐसी एक्टिविटी बच्चों को गैस चैंबर में डालने जैसा है। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने आगे कहा कि, वे पॉल्यूशन को लेकर हर महीने सुनवाई करेंगे ताकि इसका परमानेंट समाधान निकाला जा सके। इसके अलावा कोर्ट ने दिल्ली में ग्रैप-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को भत्ता/आर्थिक सहायता देने का भी आदेश दिया।



बच्चों को गैस चैंबर में डालने के सवाल पर दिया आदेश

### सीई20 क्रायोजेनिक इंजन को बाहरी सहायता की नहीं पड़ेगी जरूरत, इसरो ने किया सफल परीक्षण

**बेंगलुरु (भाषा)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को घोषणा की कि उसने सीई20 क्रायोजेनिक इंजन के 'बूट-स्ट्रैप मोड स्टार्ट' परीक्षण का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है, जो प्रक्षेपण यान मार्क 3 (एलवीएम 3) रॉकेट के ऊपरी हिस्से को शक्ति प्रदान करता है। इसरो ने बताया कि यह परीक्षण 7 नवंबर को महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स स्थित उच्च-ऊंचाई परीक्षण (एचएटी) केंद्र में निर्वात परिस्थितियों में 10 सेकंड के लिए किया गया। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, सीई20 क्रायोजेनिक इंजन उड़ान के दौरान चालू होने पर 19 से 22 टन के बीच के 'थ्रस्ट' (ऊपर की ओर ले जाने के) स्तर पर संचालन के लिए पहले से ही सक्षम है और इसे गगनयान मिशन में उपयोग के लिए मंजूरी दी गई है।

# राहुल के खिलाफ 272 रिटायर्ड जजों-अफसरों का खुला पत्र

## चुनाव आयोग की छवि बिगाड़ रही कांग्रेस, इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था में फैलता है अविश्वास

### राहुल वोट चोरी पर कर चुके तीन प्रेस कॉन्फ्रेंस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग पर लग रहे वोट चोरी के आरोपों पर देशभर के 272 रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने बुधवार को एक ओपन पत्र जारी किया। इसमें लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की गई है। पत्र में 16 पूर्व जज, 123 सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट (14 पूर्व राजदूत सहित) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। इन रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने अपने पत्र लेटर में आरोप लगाया है कि कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही है। इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनावश्यक अविश्वास फैलता है।

**कमजोर होता है जनता का भरोसा**

### आयोग चुनाव प्रणाली का सबसे अहम स्तंभ

पत्र में यह भी कहा गया कि चुनाव आयोग भारत की चुनाव प्रणाली का सबसे अहम स्तंभ है। उस पर बार-बार सवाल उठाने से जनता का भरोसा कमजोर होता है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचता है। राजनीतिक मतभेद जरूरी हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार आरोप लगाना देशहित के खिलाफ है।



### पत्र में ये बातें लिखीं

- राहुल गांधी चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप में अब तक तीन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं। उन्होंने आयोग को मोदी सरकार की "बी टीम" भी कहा था। भाजपा के साथ वोट चोरी करने का आरोप लगाया था।
- पहले सेना, फिर न्यायपालिका और संसद पर सवाल उठाए गए, और अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। यह एक "खतरनाक चलन" बन गया है, जिसमें चुनावी हार को छिपाने के लिए संस्थाओं की साख पर हमला किया जा रहा है।
- राहुल गांधी चुनाव आयोग पर "वोट चोरी" का आरोप लगाया, उसे "गद्दारी" तक कहा और अधिकारियों को धमकाया, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कोई आधिकारिक शिकायत या हलफनामा पेश नहीं किया। यह सिर्फ "राजनीतिक नाराजगी" है, जिसका कोई ठोस आधार नहीं है।
- जब विपक्षी पार्टियां जीतती हैं, तब चुनाव आयोग पर कोई आरोप नहीं लगता, लेकिन हार मिलते ही आयोग को दोषी ठहराना शुरू हो जाता है। यह "राजनीतिक अवसरवाद" है।



# हरियाणा मुक्केबाजी में नया सितारा बनकर उभर रहा : बोरिस वेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वर्ल्ड बाक्सिंग कप फाइनल 2025 की धूम इन दिनों ग्रेटर नोएडा में मच रही है, जहां दुनियाभर के मुक्केबाज अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आयोजन के दौरान, विश्व मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष बोरिस वेन और उनकी पत्नी ने हरियाणा के रोहतक जिले का दौरा किया। बोरिस वेन को यह जानकारी मिली थी कि हरियाणा से 13 खिलाड़ियों का चयन इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए हुआ है, और इन खिलाड़ियों की प्रदर्शन क्षमता को देखते हुए यहां का दौरा करने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि हरियाणा मुक्केबाजी में नया सितारा बनकर उभर रहा है। बुधवार को वह राजीव गांधी स्टेडियम साईं कांप्लेक्स, रुड़की गांव बाक्सिंग हॉल व बॉक्सर मीनाक्षी हुड्डा के घर पहुंचे। मीनाक्षी हुड्डा ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भारत के लिए वूमेन्स में स्वर्ण पदक जीता था। उनके साथ दौरे में हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु, सचिव ओमबीर हुड्डा आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष बोरिस वेन ने यहां खिलाड़ियों के बीच का जोश और ऊर्जा देख काफी सराहना की। बोरिस वेन ने खुद भी खिलाड़ियों के साथ मुक्केबाजी की और उनके साथ समय बिताया। कहा कि यहां के माहौल में एक अद्भुत ऊर्जा है, और मैं बहुत खुश हूं कि हरियाणा ने इतने बेहतरीन खिलाड़ियों को दुनिया के सामने पेश किया है।

## विश्व मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष बोरिस वेन साईं कांप्लेक्स और मीनाक्षी हुड्डा के घर पहुंचे





रोहतक। साईं में खिलाड़ियों के साथ और मीनाक्षी हुड्डा के घर पहुंचे विश्व मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष बोरिस वेन। फोटो : हरि भूमि

### प्रेरणा का संचार किया: मेजर सत्यपाल

हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि बोरिस वेन जैसे अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व की उपस्थिति से हरियाणा के खिलाड़ियों में और अधिक उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ है। हमारा उद्देश्य केवल राज्य को जीत दिलाना नहीं, बल्कि हरियाणा को देश और दुनिया में मुक्केबाजी का केंद्र बनाना है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि विश्व मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष खुद यहां आकर हमारे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। इससे हरियाणा के खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार होगा।

### मीनाक्षी हुड्डा के घर का दौरा और देशी व्यंजन का आनंद

बोरिस वेन मीनाक्षी हुड्डा के घर पहुंचे, जहां उन्होंने और मेजर सत्यपाल सिंधु ने मीनाक्षी के माता-पिता से बातचीत की। मीनाक्षी के घर बोरिस वेन और उनकी पत्नी ने हलवे का स्वाद लिया। वेन ने कहा, यहां का माहौल इतना गर्मजोशी से भरा हुआ है कि मैं यहां के लोगों के साथ और अधिक समय बिताना चाहता हूं। कोच विजय हुड्डा, सरपंच विरेंद्र हुड्डा, सोनू हुड्डा, संदीप कुमार, विकास राणा, बिजेंद्र तौमर, खिलाड़ी शिक्षा नरवाल, ज्योति गुलिया, अंशु, सिमरन, रिद्धि और कुसुम मोजूद रहे।

**रुड़की में महिला मुक्केबाजों से मुलाकात**

बोरिस वेन ने रुड़की में मुक्केबाजी हॉल में खिलाड़ियों से मुलाकात की। यहां की महिला मुक्केबाजों के साथ भी उन्होंने मुक्केबाजी की। वेन ने इन महिला खिलाड़ियों के उत्साह और कौशल की सराहना करते हुए कहा मुझे गर्व है कि हरियाणा के महिला मुक्केबाज भी मैदान पर उतनी ही ताकत से लड़ रहे हैं। यह पावर हाउस है, और दुनिया को यहां के खिलाड़ियों की ताकत देखने को मिलेगी।

**खिलाड़ियों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया**

राजीव गांधी स्टेडियम में दौरे के दौरान बोरिस वेन ने पौधरोपण भी किया उन्होंने खिलाड़ियों के साथ ब्रेकफास्ट भी किया और इस दौरान उनके संघर्षों, प्रशिक्षण और कड़ी मेहनत के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने खिलाड़ियों को यह विश्वास दिलाया कि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ही उन्हें गोल्ड मेडल तक पहुंचाने का रास्ता दिखाएगा।


## दि महम सह. चीनी मिल्स लि., महम (रोहतक)

### ई-निविदा सूचना

मूल निर्माताओं / वितरकों / प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों को अग्रलिखित सामग्री के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा उनकी दरें जमा करवाना आवश्यक है - 1) बॉयलर केमिकल, 2) ट्यूब सफाई कार्य, 3) ईटीपी केमिकल, 4) गन्ना कटिंग, कटाई, सफाई और परिवहन कार्य, 5) इन्सुलेशन का एआरसी, 6) फायर साइड केमिकल 7) फैक्ट्री की छत सामग्री, 8) कन्फेड चीनी परिवहन, 9) चीनी हैंडलिंग कार्य।

विस्तृत निविदा प्रपत्र उपरोक्त मदों के अनुसार ई-टेंडरिंग पोर्टल- **http://etenders.hry.nic.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा ई-टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 01.12.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं 01.12.2025 को पूर्वा. 09.10 बजे खोली जाएंगी तथा नेगोसिएशन 03.12.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री की खरीद सरकारी नीति के अनुरूप की जाएगी। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

संवाद-1039/11/113/2026/40448/सी/88/6 दि. 19.11.25 हस्ता/- प्रबंध निदेशक



## Horticulture Department Haryana

O/o District Horticulture Officer,
Narnaul, Mahendragarh
Add: Near Jethu Baba Mandir, Dharsu Road, Nasibpur, Narnaul
Email: dhonarnaul@gmail.com, Ph: 01282-260235

**कुटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय नारनौल, जिला महेन्द्रगढ़ द्वारा 02 दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन संभावित दिनांक 03 दिसंबर 2025 व 04 दिसंबर 2025 को जिला महेन्द्रगढ़ के गाँव सराय बहादुर, ब्लॉक अटेली व गावं टहला, ब्लॉक नारनौल में किया जाना है। इन कार्यकम में प्रतिदिन 250 किसानों द्वारा भाग लिया जाएगा। इस दौरान बागवानी से संबंधित विभिन्न योजनाओ के संबंध में कुल 500 किसानों को जानकारी प्रदान की जाएगी। इस दोरान बागवानी से संबंधित विभिन्न फर्मों / किसान संगठनो / व्यक्तिगत किसानों द्वारा अपनाई जा रही तकनीक के बारे में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उपरोक्त कार्यकम में किसानों के लिए टेंटेज एवं जलपान की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्न प्रकार से है :-

| Sr. No. | Particulars of work | Venue/No.of Farmers |
|---|---|---|
| 1. | Tentage (PVC Chair, Dunlop Chair, Sofa VIP, Center Table, Pandal, Colour Carpet, Red Carpet, Mike set, Podium, Stall Pandal, Stage, Galicha,) at program venue | Village - Sarai Bahadur Village - Tehla |
| 2. | Breakfast (Paneeer Pakora (with packing) + Tea) Per day | 250 farmers per day |
| 3. | Lunch (02 Samosa + 04 Piece Motichur laddu + 01 Frooti small + 01 litre water) per day with packing Per day | 250 farmers |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 26 नवंबर 2025 साथ 05 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/ ई-मेल (dhonarnaul@gmail.com) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। कार्यालय की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास रहेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नं०. 8607047080 पर संपर्क करें।

हस्ता./-जिला उद्यान अधिकारी नारनौल

पीआरडीएच - 1149/11/988/2026/40440/88/6 दिं 19.11.2025


**खबर संक्षेप**

### डाक्टरों के निलंबन का विरोध, सिरसा-सोनीपत में हड़ताल की तैयारी

**चंडीगढ़।** प्रदेश के सिरसा और सोनीपत के डाक्टरों के निलंबन के विरोध में सोनीपत और सिरसा के चिकित्सक वीरवार को पेन डाउन हड़ताल पर जाएंगे और प्रदर्शन करेंगे इस कारण दो घंटे के लिए ओपीडी बंद रहेगी। हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन ने निलंबन पर नाराजगी जाहिर करते हुए साफ कर दिया है कि लिंगानुपात मामले में डाक्टरों का सीधे सीधे कोई लेना देना नहीं है। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश ख्यालिया, महासचिव अनिल यादव, डा. अमरजीत सिंह अन्य ने कहा कि पुरस्कार लेने के लिए तो महिला बाल कल्याण विभाग के अधिकारियों को बुलाया जाता है, जबकि लिंगानुपात के मामले में डाक्टरों को निलंबित किया जा रहा है। इस आंदोलन को एसोसिएशन का पूरी तरह से समर्थन है।

## पानी बहाया या चोरी की तो होगी कठोर कार्रवाई : गंगवा

# पेयजल की बर्बादी और दुरुपयोग रोकने की कवायद, विधेयक का ड्राफ्ट तैयार किया

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

सूबे में पानी के दुरुपयोग और बर्बादी करने वालों पर आने वाले वक्त में शिकंजा कसा जाएगा। हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विशेष बिल लाने की तैयारी है, जिसका ड्राफ्ट तैयार हो गया है। विभाग के मंत्री ने साफ कर दिया है कि पानी का दुरुपयोग, बर्बादी व कमर्शियल इस्तेमाल चोरी छिपे करने वालों विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि विधेयक में भारी जुरमाने के साथ साथ सजा तक का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के इस तरह के रवैये के कारण बाकी लोगों को दिक्कत उठानी होती है। मंत्री ने कहा है कि शहरी क्षेत्र में पानी की दिक्कत नहीं है, बल्कि कुछ ग्रामीण इलाकों से हमें इस तरह की शिकायत मिली है, लेकिन उसके तकनीकी कारण भी हैं, क्योंकि इस बार भारी बारिश, जलभराव के कारण कई तरह की चुनौतियां आन खड़ी हुई हैं। उसके बावजूद भी अधिकारियों को साफ साफ निर्देश हैं कि नियमित कार्यों के लिए ग्रामीण एरिया में भी दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हरियाणा में पेयजल बर्बादी रोकने को लेकर जहां सूबे की नायब सैनी सरकार दिसंबर में होने वाले शीतकालीन सत्र में नया बिल लेकर आएगी। जिससे पानी की बर्बादी रुकेगी।

### समय से बिल नहीं जमा करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा



मंत्री ने साफ कर दिया है कि पेयजल की बर्बादी करने और समय से बिल नहीं जमा करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। इस क्रम में लीगल एक्सपर्ट की सलाह लेकर बिजली चोरी की तर्ज पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने विधेयक का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए कानून बनाने से आला अफसरों को उम्मीद है कि लोगों की पानी बर्बाद करने की आदतों पर अंकुश लगेगा।पेयजल लाइन में अवैध कटों पर भी कार्रवाई का प्रावधान होगा। उन्होंने कहा कि पानी के बिलों की शहरों में 60 से 65 फीसदी रिकवरी है, लेकिन गांवों में यह 5 से 7 फीसदी ही है। ऐसे में विभाग पेयजल सप्लाई के मीटर लगाए जाने के विकल्प पर भी काम कर रहा है। गंगवा ने कहा कि महाग्राम योजना में 10 हजार से अधिक आबादी वाले 148 गांव चिह्नित किए हैं। 17 में पेयजल, सीवरेज और एसटीपी की व्यवस्था पूरी की जा चुकी है।

### नई दरें हो चुकी तय

बता दें कि गुरुग्राम नगर निगम ने नई दरें तय कर अधिसूचना भी पूर्व में जारी कर दी गई है। बाकी नगर निगमों में भी तैयारी हो रही है। अब घरेलू उपभोक्ताओं को पहले से दोगुना भुगतान करना होगा। एक से 20 किलोलीटर पानी की खपत पर दर 3.19 से बढ़ाकर 6.38 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई है। 20 से 40 किलो लीटर तक की खपत पर अब 10.21 रुपये प्रति किलोलीटर देना होगा, जो पहले की तुलना में लगभग 60% की बढ़ोतरी है। 40 किलोलीटर से अधिक पानी उपयोग करने वालों को 12.76 प्रति किलोलीटर के हिसाब से भुगतान करना होगा।

## पीएम श्री के तर्ज पर सीएम श्री स्कूल बनाएं जाएं : गोयल



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के वरिष्ठ मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि फरीदाबाद के स्कूलों को अपग्रेड करने को लेकर विचार मंथन किया गया है। पीएम श्री के तर्ज पर सीएम श्री स्कूल बनाएं जाएं उसको आला अधिकारियों के साथ लंबी चर्चा हुई है। 26 स्कूल मेरी विधानसभा में हैं उनको हमने अडाप्ट किया है, पीएम श्री स्कूल बनाएं नई तकनीकों को स्कूलो में लाने की कोशिश कर रहे हैं । मंत्री ने आनलाइन पंजीकरण और रजिस्ट्री को लेकर आने वाली दिक्कतों को लेकर साफ कर दिया है कि कामकाज में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने बताया कि एक हजार से ज्यादा रजिस्ट्री कल हुई हैं, इतना बड़ा बदलाव किया है थोड़ी बहुत दिक्कत आती हैं, जिनको ठीक करने काम कर रहे हैं। बाकी भी पूरे प्रदेश से रजिस्ट्री के कामकाज में कोई दिक्कत नहीं आने देंगे, उन्होंने कहा कि रोजाना का अपडेट भी हर जिले से लिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि डिजीटल होने से कईं तरह की समस्याओं का निवाऱण होगा और पारदर्शिता आएगी।

## 98 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल पहुंचायार

चंडीगढ़। ऑपरेशन ट्रैकडाउन में अब तक की सफलता दर्ज की है। एक दिन की कार्रवाई में पुलिस ने 75 मामले दर्ज करते हुए 98 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया है। अपराधों में संलिप्त 256 अपराधी भी जेल भेजे हैं।

## मुख्यमंत्री ने मंत्री गौरव गौतम के दादा के निधन पर जताया शोक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली बुधवार को हरियाणा सरकार में मंत्री गौरव गौतम के दादा स्व. जयपाल गौतम के निधन पर शोक जताने उनके पलवल स्थित निवास पर पहुंचे। यहां पहुंचकर तीनो नेताओं ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।



मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, अनिल जैन, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने संवेदनाएं प्रकट की।

## किसान हित में काम कर रही सरकार : डॉ. शर्मा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार खेती व किसान के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार न केवल किसानों के हितों का ख्याल कर रही है बल्कि उनकी आय को बढ़ाने के लिए अनेक योजनाओं को भी लागू किया गया है, जो किसानों को खूब लाभ भी पहुंचा रही हैं।

**बिजली निगम के प्रिंसिपल सेक्रेटरी को सुविधाएं जारी करने का आदेश**

# 51 साल से पेंशन के लिए भटकती विधवा को आखिर हाईकोर्ट से मिला सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक आदेश जारी करते हुए 80 वर्षीय अशिक्षित विधवा लक्ष्मी देवी को राहत दी, जो 1974 से अपने दिवंगत पति के परिवार पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के लिए विभागों के चक्कर काट रही थीं। उनके पति, महा सिंह, बल्लभगढ़ हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड में सब-स्टेशन अफसर थे और ड्यूटी के दौरान 5 जनवरी 1974 को उनका निधन हो गया था।लक्ष्मी देवी को 1970 के दशक में मात्र 6,026 रुपये की एक्स-ग्रेशिया राशि मिली थी, लेकिन परिवार पेंशन, ग्रेच्युटी और बाकी बकाया लाभ कभी जारी नहीं किए गए। 2005 में एक केस दाखिल करने के बावजूद उन्हें कोई राहत नहीं मिली।जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने याचिका सुनते हुए कहा कि यह मामला प्रशासनिक उदासीनता और हक पाने की लगातार जद्दोजहद का उदाहरण है। उन्होंने टिप्पणी की कि लगभग पांच दशक से एक अशिक्षित और असहाय विधवा को इधर-उधर भटकना पड़ा, वह भी तब जब उसकी उम्र, सेहत और कानूनी साधन लगातार कमजोर हुए हैं।कोर्ट ने रिकार्ड में मौजूद विभागीय पत्रों का हवाला देते हुए कहा कि महा सिंह के नाम पर जीपीएफ खाता आवंटित किया गया था और उसमें कटौतियां भी हुई थीं।

### पांच दशक पुराने हक से वंचित नहीं रहेगी महिला

कोर्ट ने हरियाणा सरकार के बिजली विभाग के प्रधान सचिव और प्रशासनिक प्रमुख को आदेश दिया कि वे व्यक्तिगत रूप से पूरे मामले की जांच करें और दो महीने के भीतर लक्ष्मी देवी को उसके सभी विधिक लाभ तुरंत जारी करें। याचिका का निपटारा करते हुए अदालत ने उम्मीद जताई कि अब पंगु हो चुकी और गरीबी में जीवन बिता रही यह बुजुर्ग महिला आखिरकार अपने पांच दशक पुराने हक से वंचित नहीं रहेगी।


## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा**

**खुली निविदा संख्या 41-अम्बाला/2025-26 दिनांक 19.11.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15.00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

1 **कार्य का नाम:** एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/वर्क्स–एम/यूएमबी के अनुभाग में अंबाला कैंट गुड्स शेड में लाइन नंबर 9 पर अवसंरचनात्मक सुविधाओं में सुधार, जल छिड़काव प्रणाली, एनजीटी दिशानिर्देश के संबंध में शेष कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 2,95,78,344 | 2,97,900 | 06 महीने | 12.12.2025 |

2 **कार्य का नाम:** झांसी/कबरई खदान से तथा (रेलवे द्वारा नामित खदान से रेलवे वैगन में) रेक सप्लाई के माध्यम से, सैस (Cess) पर निर्देशानुसार 65 मिमी गेट की मशीन से क्रश की गई सख्त पत्थर की गिट्टी, जो रेलवे विशिष्टता IS/RDSO-CE/000:2023 (फरवरी 2023) तथा नवीनतम करेक्शन स्लिप के अनुरूप हो, की सप्लाई और स्टैकिंग Sr.DEN/I/UMB के अनुभाग में।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1,65,55,791 | 2,32,800 | 12 महीने | 12.12.2025 |

3 **कार्य का नाम:** एडीईएन/ट्रैक/यूएमबी के अधीन एसएसई/पी.वे/ट्रैक डिपो/अंबाला कैंट के अंतर्गत ट्रैक मशीनों के लिए टैम्पिंग टूल्स की रीकंडीशनिंग।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 11,25,150 | 22,500 | 12 महीने | 12.12.2025 |

4 **कार्य का नाम:** निरीक्षण गड्ढे का पुनर्निर्माण, आरडब्ल्यूपी के साथ घाटी नाली का प्रतिस्थापन और डीएसएल शेड यूएमबी की अन्य मरम्मत।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 80,74,580 | 1,61,500 | 04 महीने | 12.12.2025 |

**नोट:-** **1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **3597/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

**केन्द्र पर low tunnel खरीदने हेतु मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुर्नीमपुर, झज्जर पर फूलों की फसल उत्पादन हेतु low tunnel की आवश्यकता है। जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

| क्र. सं. | वस्तु | विवरण | कीमत प्रति रोल/प्रति पाईप (सभी कर सहित) |
|---|---|---|---|
| 1. | Low tunnel | Non-woven fabric (17 GSM) 625 मी० लम्बाई व 1.6 मी0 चौडाई प्रति बंडल | |
| 2 | PVC pipe | Flexible PVC pipe | |

इच्छुक फर्म/डीलर प्रति रोल/प्रति पाईप के रेट (सभी कर एवं ट्रांसपोर्ट सहित) अपनी कुटेशन पर दिनांक 27.11.2025 दोपहर 2 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर पर भेजना सुनिश्चित करें। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
पीआरडीएच-1149/11/987/2026/40439/88/6 दि. 19.11.25 मुनीमपुर, झज्जर



## भौतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय** : सिटी स्क्वेयर, प्रथम तल, प्लॉट नं. 932/935, आईबी कॉलेज के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चंदन लाल मैमोरियल एजुकेशन सोसायटी (कर्जदार), धर्मवीर (सह-कर्जदार), राजेन्द्र कुमार (सह-कर्जदार), रमेश कुमार जागलान (सह-कर्जदार), सुरेश कुमार (सह-कर्जदार), (कर्जदार), धर्मवीर। (सह-कर्जदार), राजेन्द्र कुमार (सह-कर्जदार), रमेश कुमार जागलान (सह-कर्जदार), सुरेश कुमार (सह-कर्जदार), NHPNP00001299153. | खसरा नं. 59 किला नं. 22 मिन (2-4) 23 (8-0) 25/2(6-8) मुरब्बा नं. 70 किला नं. 4/(7-11) 5/1/1(2-11) गांव खुराना, तहसील इसराना, पानीपत-132103 (संदर्भ एलएएन नं. NHPNP00001299153). सीमाएं :- उत्तर : दिव्या कुलाम पब्लिक स्कूल, दक्षिण : खुला फार्म भूमि, पूर्व : फार्म खाली भूमि, पश्चिम : स्वयं की सम्पत्ति / कब्जे की तिथि : 14 नवम्बर 2025 | 26-04-2024 रु. 73,58,531.96/- | पानीपत |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 20 नवम्बर 2025,
स्थान : पानीपत

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड



## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने कि तिथि समय | अनुमानित लागत | धरोवर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| OT-23/ 2025-26 | रीहैबिलिटेशन ऑफ पैसेंजर एमिनिटीज़ सिस्टम (आई.पी.आई.एस.) एट राजपुरा प्रोवीजन ऑफ आई.पी.आई.एस. एट ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन अलोंग विद ए.एम.सी फॉर 07 इयर्स. | 11/12/2025 at 15.00 hrs | Rs. 26923538.28/- | Rs. 284600/- | 180 दिन |
| OT-24/ 2025-26 | सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विद (1) अपग्रेडेशन ऑफ लेवल क्रॉसिंग न. 4 एट किमी. 4.257 फ़रोम "बी" टू "स्पेशल" क्लास ऑन सरहिन्द – अम्ब अंदौरा सेक्शन ओवर अंबाला डिवीजन (02) अपग्रेडेशन ऑफ लेवल क्रॉसिंग न. 90/B3 एट किमी. 105.682 फ्रॉम "बी" क्लास टू "स्पेशल" क्लास ऑन सरहिन्द – अम्ब अंदौरा सेक्शन ओवर अंबाला (3) अपग्रेडेशन ऑफ लेवल क्रॉसिंग न. 91/ B4 एट किमी. 106.885 फ्रॉम "बी" क्लास टू "स्पेशल" क्लास ऑन सरहिन्द - अम्ब अंदौरा सेक्शन ओवर अंबाला डिवीजन. | 11/12/2025 at 15.00 hrs | Rs. 5129242.29/- | Rs. 102600/- | 180 दिन |
| OT-25/ 2025-26 | सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विद टी.टी.आर. 18 सेट्स (टी.डब्ल्यू. एस.-7, सी.एस. - 11) के.डब्ल्यू.टी. & के.जे.जी.वाई. यार्ड, चंडीगढ़-मोरिंडा टी.एस.आर. (पी) 20.00T किमी., लुधियाना - अंबाला–टी.एस.आर. (पी) 15.645T किमी. (डाउन). (किमी 271.634 टू 273.59, 273.774 टू 274.415, 283.46 टू 286.495, 290.713 टू 300.517) ओवर अंबाला डिवीजन. | 11/12/2025 at 15.00 hrs | Rs. 3265099.57/- | Rs. 65300/- | 180 दिन |
| OT-26/ 2025-26 | एस & टी वर्क इन कनेक्शन विद (1) कन्स्ट्रक्शन ऑफ 2 लैन आर.ओ.बी. इन ल्यू ऑफ एल.सी. - 6 एट किमी 12/2-3 ऑन जाखल–हिसार सेक्शन नियर जमालपुर शेखा (2) प्रोविजन ऑफ वन हूक प्लेसमेन्ट ऑफ हाफ गुड्स रैक एट गुड्स साइडिंग एट बस्सी पठाना (बी.एस.पी.एन.) स्टेशन ऑफ अंबाला डिवीजन (3) कन्स्ट्रक्शन ऑफ 2 नं. एल.एच.एस. (5मी.5मी) बाई पुशिंग इन ल्यू ऑफ सी–18 एट किमी 29/1-2 & लेवल क्रॉसिंग 59 एट किमी 77/15-78/0 ऑन जाखल–हिसार सेक्शन. (4) रिप्लेसमेंट ऑफ गारडर विद पी.एस.सी. स्लैब-स्ट्रेन्थनिंग ऑफ सबस्ट्रक्चर ऑफ ब्रिज नं 190, 197A-1, 220A, 232 धुरी जाखल, ब्रिज न. 49, जाखल–हिसार, 30, 82, 135 लुधियाना–धुरी, ब्रिज नं. 60-A 100 राजपुरा–धुरी, 221, 292 धुरी–भटिंडा & 143 भटिंडा श्रीगंगानगर सेक्शन. (5) प्रोविजन ऑफ 3मी एफ.ओ.बी. एट बरवाला। | 11/12/2025 at 15.00 hrs | Rs. 5233706.01/- | Rs. 104700/- | 180 दिन |

**नोटः** वरि0 मंडल सिग. एवं टेली. इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्थी गयी तिथि अनुसार **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारो के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करे। **1.** टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लांग ऑन करें। **2.** निविदाकारो को ई–टेन्डरिग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टेन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तो इत्यादि को टेन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले।

**संख्या: एस.डब्लू/सिग/अंबाला/एन.आई.टी-11/2025-26** **दिनांक: 18.11.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **3585/2025**




## खबर संक्षेप

### दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग में दाखिलों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि एक दिन के लिए 20 नवंबर तक बढ़ाई दी है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।
विश्वविद्यालय में बीएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग कोर्सों में दाखिलों के प्रति जबरदस्त उत्साह है। इन कोर्सों में बुधवार की दोपहर तक 1000 से अधिक आवेदन आ चुके हैं।

### हेरोइन की सप्लाई करने वाला काबू

**कैथल।** नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचते हुए 2.46 ग्राम हेरोइन/स्मैक सप्लाई मामले की जांच थाना चाकी पुलिस के एसआई विक्रम सिंह



की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव कलर माजरा निवासी सतनाम उर्फ माडु को काबू कर लिया गया। पुलिस जांच करेगी। प्रवक्ता ने बताया कि गांव कल्लर माजरा निवासी जरनैल सिंह ने शिकायत दी थी कि गांव में नशा मुक्ति के लिए ग्रामीणों की एक टीम बनाई गई है, जिसमें बुजुर्ग, युवक व महिलाएं ठीकरी पहरा लगाते हैं।

### ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**झज्जर।** गांव लकड़िया के नजदीक ट्रैक्टर पलटने के कारण एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव गौच्छी निवासी करीब 22 वर्षीय सत्यव्रत पुत्र अशोक के तौर पर हुई है। सत्यव्रत खेतों में धान की कटाई के लिए पंखा देने गया था। जब वह ट्रैक्टर पर वापिस गांव लौट रहा था तो लकड़िया माइनर के नजदीक गड्ढ़े में अचानक उसका ट्रैक्टर पलट गया और सत्यव्रत उसके नीचे दब गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई।

## यंत्र नहीं दिखा रहा सही एक्यूआई, करीब 400 क्रॉस कर चुका है वायु गुणवत्ता सूचकांक

# दिल, आंख और सांसों पर भारी पड़ रहा प्रदूषण

**प्रदूषण के छोटे कड़ फेफड़े, गला, नाक, कान, आंख, दिल और शरीर के अन्य अंगों को कर रहे हैं प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रदूषण हृदय व सांस के मरीजों के अलावा कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचा रहा है। चिकित्सकों ने ऐसे मरीजों को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। तापमान गिरने के साथ ही वायु प्रदूषण का खतरा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसके मद्देनजर नगर परिषद ने प्लास्टिक स्टॉक करने वाले लोगों पर एफआईआर दर्ज करवाने के लिए पुलिस को पत्र लिखा है। इसके अलावा 60 लोगों पर जुर्माना भी लगाया गया है। बुधवार को जहां सीपीसीबी की समीर एप पर बहादुरगढ़ का एक्यूआई प्रदर्शित ही नहीं हो रहा। वहीं कुछ वेबसाइट्स पर 4 सौ से अधिक एक्यूआई दर्शाया जा रहा है। फिजा में बढ़ते जा रहे धूल, मैटल और नजर नहीं आने वाले कारक इन दिनों फेफड़े, गला, नाक, कान, आंख, दिल और शरीर के अन्य अंगों को प्रभावित कर रहे हैं। बेकाबू प्रदूषण को देखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा दिल्ली एनसीआर में ग्रेप-3 की पाबंदियां भी लागू हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचपीसीबी) द्वारा नियमों की अवहेलना करने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मालविका बंसल के अनुसार स्मॉग के साथ हवा में फैल रही कार्बन मोनोआक्साइड, नाइट्रोजन व सल्फर-डाई-आक्साइड गैस लोगों की दुनिया बेरंग कर रही है। इससे आंखों में एलर्जी व सूखापन बढ़ रहा है। ऐसे हालात में इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल, डीजल इंजन से नाइट्रोजन डाई ऑक्साइड, नैनो पार्टिकल्स निकलते हैं। पेट्रोल इंजन से कार्बन मोनो ऑक्साइड और हाईड्रोकार्बन उत्सर्जित होता है। प्रदूषण के घनत्व में यह इजाफा सड़क किनारे की धूल, आवासीय निर्माण सामग्री की गर्द, कूड़े के जलने से हो रहा है। वाहन रोज वातावरण में जहरीला धुआं छोड़ रहे हैं। धूल भी जमकर उड़ा रहे हैं। प्रदूषण के तत्व इतने सूक्ष्म होते हैं कि श्वसन तंत्र से होकर फेफड़े की सूक्ष्म नलिकाओं तक पहुंचते हैं।



**बहादुरगढ़।** शहर की सड़कों पर दौड़ती एंटी स्मॉग गन। फोटो : हरिभूमि

### प्रदूषण फैलाने वालों पर हो रही कार्रवाई

छोटूराम नगर इलाके में प्लास्टिक अथवा इंडस्ट्रियल वेस्ट रखने तथा प्रोसेस करने वालों की पहचान की गई है। ऐसी 11 जगह चारदीवारी के अंदर तथा 48 खुले खेतों व प्लॉटों में प्लास्टिक कबाड़ पड़ा है। उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के लिए डीसीपी को पत्र लिखा गया है। इसके अलावा उनके विरुद्ध जुर्माना भी लगाया गया है।
**-जोगेंद्र सिंधु, पालिका अभियंता**

### जींद में उबलता तेल से झुलसाने के जुर्म में दस साल कारावास

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जसवीर सिंह की अदालत ने उबलता हुआ गर्म तेल फैंक कर जानलेवा हमला करने के जुर्म में दोषी को दस साल का कारावास तथा 17 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार सफीदों के वार्ड नंबर आठ निवासी दीपक ने 28 सितंबर 2020 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी मौहल्ले के ही जोगेंद्र से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते जोगेंद्र ने उन उबलता हुआ तेल फेंका और बर्फ तोडने वाले सुए से हमला कर दिया। जिसमें वह बुरी तरह झुलस गया। उसके पिता बीरभान तथा मां को गंभीर चोटें आई। सफीदों थाना पुलिस ने दीपक की शिकायत पर जोगेंद्र के जानलेवा हमला करने समेत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था।

# यमुनानगर में दिखा तेंदुआ, दहशत में लोग, रातभर ग्रामीणों ने दिया पहरा

**वाइल्ड लाइफ विभाग की टीम पहुंची, आज रेस्क्यू ऑपरेशन**

**जंगल से निकलकर तेंदुआ करीब चार घंटे तक झाड़ियों में ही बैठा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव जड़ौदा के पास जंगल से निकलकर एक तेंदुआ आबादी तक पहुंच गया। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि जंगल से निकलकर तेंदुआ करीब चार घंटे तक झाड़ियों में बैठा रहा। उधर, सूचना मिलते ही वाइल्ड लाइफ विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मगर तेंदुआ वहां से चला गया। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अगर दोबारा तेंदुआ दिखाई दिया तो उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा। गांव जदौड़ा निवासी मानिक ने बताया कि वह मंगलवार शाम सात बजे अपने दोस्तों के साथ आहलुवाला-जड़ौदा गांव के साथ लगते जंगल के पास गया था। इस दौरान उन्हें देखा कि झाड़ियों में कोई जानवर बैठा हुआ है। जब उन्होंने मोबाइल की टॉर्च जलाकर देखा वहां तेंदुआ बैठा हुआ था।

उसने बताया कि तेंदुए को देखकर उनके होश उड़ गए। वह दोनों दोस्त भागकर अपनी कार में आकर बैठ गए। उन्होंने मोबाइल से तेंदुए का वीडियो बना लिया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस व वाइल्ड लाइफ विभाग को दी। सूचना मिलते ही पुलिस व वाइल्ड लाइफ विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मगर अंधेरा होने की वजह से टीम ने उसे नहीं पकड़ा।



**यमुनानगर।** गांव जड़ौदा के नजदीक झाड़ियों में बैठा हुआ तेंदुआ। फोटो : हरिभूमि

### जंगल से आबादी 400 मीटर दूर

ग्रामीणों ने बताया कि जंगल क्षेत्र से आबादी की दूरी केवल 400 मीटर है। सुबह के समय कई लोग खेतों में काम करने जाते हैं। जिससे उनके लिए खतरा बढ़ गया है। रात में यदि तेंदुआ आबादी में घुस आता है तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है क्योंकि वह पूरी तरह से व्यस्क है। जड़ौदा का यह जंगल लगभग दो किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।

### कोई मूमेंट नजर नहीं आया

टीम सुबह गांव के नजदीक डटी रही। इस दौरान तेंदुए की मूवमेंट नजर नहीं आई। वह शायद वापस जंगल एरिया में चला गया है। आसपास के क्षेत्र में तेंदुए की कोई मूमेंट नजर आती है तो उसे पकड़ने के लिए वहां पर पिंजरा लगाया जाएगा। **-लीलू राम, इंस्पेक्टर वाइल्ड लाइफ विभाग**

## गुरुग्राम के सदर थाना एरिया में वारदात

# चालान काटने पर पुलिसकर्मी गाड़ी से कुचलने की धमकी

**पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सदर थाना एरिया में गलत जगह गाड़ी खड़ी करने का चालान काटना सिपाही को भारी पड़ गया। गाड़ी चालक ने पहले पुलिसकर्मी को चालान काटने से रोका, फिर उसे धक्का देकर मौके से भगाने का प्रयास किया। पुलिसकर्मी ने विरोध किया तो ड्राइवर ने उसे रोड पर दिखाई देने पर गाड़ी से कुचलने की धमकी दी। सदर थाना पुलिस ने सिपाही की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(2), 221, 132, 121(1) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सिपाही विकास ने कहा कि उसकी ड्यूटी ट्रैफिक राइडर पर सेक्टर-34 में है। कल वह जब अपनी ड्यूटी पर थे तो एक टाटा एस गाड़ी के चालक ने अपनी गाड़ी को बीच रोड पर ही पार्क किया हुआ था। इस पर उसे गाड़ी को रोड से हटाने के लिए कहा गया, लेकिन वह उल्टा उनसे उलझ गया। इस पर उन्होंने उसका चालान काटने के लिए फोटो खींची तो चालक गुस्से में आ गया और गाड़ी की फोटो खींचने का विरोध करने लगा। आरोप है कि चालान काटने का विरोध करते हुए ड्राइवर ने धक्का मुक्की शुरू कर दी। इस पर उन्होंने स्थानीय थाने को इसकी शिकायत दी।

## निशानदेही की एवज में दस हजार रुपये रिश्वत लेने पर सजा

# रिश्वत लेने वाले कानूनगो को 4 साल की कैद और 20 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नोरिया की अदालत ने जमीन की निशानदेही करने की



एवज में रिश्वत लेने के जुर्म में कानूनगो को चार साल का कारावास तथा बीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव दालमवाला निवासी किसान बिजेंद्र ने 14 नवंबर 2019 को स्टेट विजीलेंस ब्यूरो को दी शिकायत में बताया था कि उनके खेतों का सांझा खाता था। वर्ष 2017 में खाते को अलग करवा लिया गया। कब्जा तथा निशानदेही की एवज में अलेवा का कानूनगो सुरेश 15 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। जिसमें वह पांच हजार रुपये ले भी चुका है। बकाया राशि न देने पर खाता अलग करने में आना कानी कर रहा है। शिकायत के आधार पर छापामार टीम का गठन किया गया। जिसमें डयूटी मजिस्टेट के तौर पर बीडीपीओ धर्मबीर खर्ब को नियुक्त किया गया। जबकि छापामार टीम की कमान स्टेट विजीलेंस ब्यूरो के निरीक्षक बलवान सिंह को सौंपी गई। छापामार टीम ने शिकायतकर्ता किसान बिजेंद्र को पांच नोट दो-दो हजार रुपये के डयूटी मजिस्ट्रेट से हस्ताक्षर व पाउडर लगाकर दे दिए। संपर्क साधने पर कानूनगो सुरेश ने किसान बिजेंद्र को अलेवा पटवार खाना में बुला लिया।

### दो नशा तस्करों को 20-20 साल की सजा

**सिरसा।** सिरसा की एक अदालत ने नशीली प्रतिबंधित दवाएं व गोलियां बेचने के मामले में संलिप्त दो नशा तस्करों निर्भय सिंह निवासी रोड़ी जिला सिरसा व अमित चावला निवासी जंडवाला पंजाब, हाल सिरसा को 20-20 साल की सजा तथा दो-दो लाख रुपए का जुर्माने से दंडित किया है।पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि सिरसा निवासी मेडिकल नशे के तस्करों पर वर्ष 2018 में थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। उस समय सिरसा पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए यूको बैंक वाली गली में एक गोदाम में रेड के दौरान करीब दो करोड़ की प्रतिबंधित नशीली गोलियां व दवाओं की खेप बरामद की थी।

## फतेहाबाद में 17 तस्करों की प्रोपर्टी जब्त करने को मिली मंजूरी

# नशा तस्करों की 4.50 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलने का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में शुरू हुआ 'ऑपरेशन जीवन ज्योति' के तहत नशा तस्करों पर कार्रवाई जारी है। पुलिस ने 17 कुख्यात नशा तस्करों की 4 करोड़ 50 लाख 37 हजार 157 रुपये की अवैध संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया को हरी झंडी दे दी है। इस अभियान में पुलिस का बुलडोजर अब तस्करों की अवैध कमाई पर चलने को तैयार है। बुधवार को एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई में जिन तस्करों की अवैध कमाई पर गाज गिरी है, उनमें लाखों-करोड़ों के मकान, प्लॉट, जमीन, कारें, स्कारपियो, क्रेटा, ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, बाइकें आभूषण और बैंक बैलेंस शामिल हैं। कुर्की की प्रक्रिया पूरी होते ही इन सभी संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। जिला पुलिस द्वारा जिन तस्करों की सम्पतियां कुर्क की जा रही हैं उनमें गांव खाबड़ा कलां के विनोद कुमार की 41 लाख 32 हजार 157 रुपये की, पटियाला के महंगा सिंह की 16 लाख की, लोहाखेड़ा गांव के महेन्द्र उर्फ मिन्टू की 30 लाख की, गुरुनानकपुरा फतेहाबाद निवासी बबलू की 28 लाख की, गांव नन्हेड़ी निवासी महिला नछतरो की 25 लाख की, टोहाना निवासी हरपाल कौर की 15 लाख की, गांव मुस्सेअहली के देवेन्द्र उर्फ काला की 45 लाख की, गांव कौलगढ़ निवासी रिसाला की 34 लाख की सम्पति शामिल है। इसके अलावा नूरपुर दिवाना गांव के जनक सिंह की 12 लाख की, रतनगढ़ गांव के काला सिंह की 8 लाख की संपत्तियां शामिल हैं।

### जिले में नशे के लिए कोई जगह नहीं



एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 (एफ) कहती है कि यदि कोई संपत्ति नशे की तस्करी से कमाई गई है, तो वह 'अवैध संपत्ति' घोषित होकर सरकार द्वारा जब्त की जा सकती है। इसी प्रावधान का इस्तेमाल करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने तस्करी की आर्थिक कमर को पूरी ताकत से तोड़ा है। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद में नशे के लिए कोई जगह नहीं। **-सिद्धांत जैन**, पुलिस अधीक्षक

## दिक्कत: दशकों पुराने पुराने लोहे के पुल को हटाकर आरसीसी के स्लैब रखे गए

# मेगा ब्लॉक के चलते दिल्ली-रोहतक रूट पर ठप रहा रेल यातायात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर बुधवार को लगभग साढ़े सात घंटे का मेगा ब्लॉक रहा। इसके तहत सुबह सवा बजे से लेकर करीब छह बजे तक बहादुरगढ़ में बराही फाटक के निकट वर्षों पुराने लोहे के पुल को बदला गया। यहां अब लोहे की जगह आरसीसी के स्लैब रखे गए हैं। इस काम पर करीब आठ करोड़ की लागत आई है।

दरअसल, पुल संख्या 62 पर यह काम किया गया। यहां लोहे का पुल दशकों पुराना था। बेहद पुराना होने के चलते रेलवे ने इसे बदलने का निर्णय लिया। रेलवे की ओर से रिप्लेसमेंट कार्य के चलते सवा दस से शाम पौने छह बजे तक मेगा ब्लॉक घोषित किया गया था। बुधवार की सुबह सवा दस बजते ही काम चालू हो गया। रेलवे अधिकारियों की मौजूदगी में ट्रैक स्लीपर्स व लोहे की पुलिया को हटाया गया। भारी भरकम हाइड्रा, क्रेन आदि से हटाया गया। इसके बाद यहां आरसीसी के स्लैब रखे गए।



**बहादुरगढ़।** ट्रैक से उठाकर स्लीपर्स व पुलिया के टुकड़े को साइड में रखती क्रेन। फोटो : हरिभूमि

### करीब 8 करोड़ की लागत से किया जा रहा है काम

ठेकेदार के मुताबिक करीब आठ करोड़ की लागत से यह काम किया जा रहा है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कहा कि पौने छह बजे तक का ब्लॉक है। इसके बाद मार्ग पर सेवाएं सुचारू हो जाएंगी। बता दें कि रोहतक-दिल्ली सीमा पर बहादुरगढ़ प्रमुख स्टेशन है। यहां के हजारों लोग रोजाना दिल्ली-रोहतक की ओर आते जाते हैं। बुधवार को ब्लॉक के चलते रूट पर आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां रद्द रहीं और कई गाड़ियों का रूट बदला गया। रूट पर रेल संचालन बंद रहने के कारण हजारों यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। मेट्रो या अन्य वाहनों के जरिये रोहतक तथा दिल्ली का रुख करना पड़ा। वहीं बराही फाटक बंद रहने से भी आसपास लगते ग्रामीणों को परेशानी का सामने करना पड़ रहा है।

### बुधवार को ये ट्रेनें रहीं रद्द

मेगा ब्लॉक के चलते 64912 ईएमयू (रोहतक-दिल्ली), 54032 डीजे पैसेंजर, 64932 जींद-दिल्ली ईएमयू, 64915 ईएमयू दिल्ली-रोहतक, 54031 दिल्ली-जींद पैसेंजर, 14323/24 बरेली इंटरसिटी, 54035 जाखल पैसेंजर व 64931 दिल्ली जींद ईएमयू रद्द रहीं। किसान एक्सप्रेस 14732 रोहतक तक आई। किसान एक्सप्रेस 14731 रोहतक से बनकर चली। इंटर सिटी एक्सप्रेस 12482 रोहतक तक ही सीमित रही। इसी तरह 16032 अंडमान एक्सप्रेस वाया गोहाना-सोनीपत होकर नई दिल्ली गई। वहीं, 12481 इंटरसिटी एक्सप्रेस रोहतक से रवाना हुई तथा अवध-आसम एक्सप्रेस को शकूरबस्ती-घेवरा के बीच 50 मिनट रोका गया।



# जापान के बांड बाजार में बढ़ रहा संकट, इंडिया पर भी पड़ सकता है असर?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जापान के बांड मार्केट में पिछले कई सालों का सबसे बड़ा उथल-पुथल दिख रहा है। लंबी अवधि के बांडस की यील्ड कई दशकों की उंचाई पर पहुंच गई है। कीमतों में सबसे ज्यादा गिरावट 20-40 साल के बांड सेगमेंट में दिखी है। आम तौर पर इस सेगमेंट में कीमतों में ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को नहीं मिलता है। ज्यादा उतार-चढ़ाव को देखते हुए बैंक ऑफ जापान को हस्तक्षेप करने को मजबूर होना पड़ा है। कीमतों में स्थिरता के लिए बैंक ऑफ जापान को बांड की खरीदारी करनी पड़ी है। बैंक ऑफ जापान ने अपनी काफी ज्यादा नरम मॉनेटरी पॉलिसी को बदलने की शुरुआत की थी। लेकिन, इससे बांड्स में बिकवाली शुरू हो गई। अब नजरें बैंक ऑफ जापान पर टिक गई हैं। सवाल है कि हालात से निपटने के लिए जापान का केंद्रीय बैंक क्या कदम उठाएगा? क्या जापान की वित्तीय स्थिति मार्केट्स के लिए खतरा बन रहा है?

## जापान के संस्थागत निवेशकों के पास काफी ज्यादा विदेशी बांड

### भारत के यील्ड पर पड़ सकता है असर

*जापान के घटनाक्रम के असर से इंडिया भी अछूता नहीं रहेगा। हालांकि, भारत में सरकारी बांड्स में विदेशी निवेश बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन दुनिया के बड़े बांड सूचकांकों में इंडियन बांड्स के शामिल होने से स्थिति बदलती दिख रही है। जापान के सरकारी बांड्स की यील्ड में उछाल से ग्लोबल रिस्क-फ्री बेंचमार्क ऊपर जा सकता है। इससे इंडिया में भी बांड्स यील्ड में उछाल को लेकर उम्मीद बढ़ जाएगी। ग्लोबल बांड्स यील्ड बढ़ने से लंबी अवधि के कर्ज की कॉस्ट बढ़ जाती है।*




*'सेल जापान' ट्रेड पर बढ़ रहा जोर : जापान पर कर्ज का बोझ दुनिया में सबसे हाई लेवल पर पहुंच गया है। ऐसे में मार्केट सबसे लंबी अवधि वाले बांड्स पर ज्यादा इंटरेस्ट रेट चाहता है। इससे 'सेल जापान' ट्रेड पर जोर बढ़ता दिख रहा है। इनवेस्टर्स जापान के सरकारी बांड्स को शॉर्ट कर रहे हैं। वे कमजोर येन पर दांव लगा रहे हैं। कुछ चुनिंदा शेयरों में निवेश भी घटा रहे हैं।*

### क्राइसिस का व्यापक असर पड़ सकता है

जापान के संस्थागत निवेशकों के पास काफी ज्यादा विदेशी बांड्स, शेयर और अल्टरनेटिव एसेट्स हैं। जब जापान के सरकारी बांड्स की यील्ड काफी ज्यादा बढ़ जाती है तो विदेशी निवेशकों के बीच इसके अट्रैक्शन पर असर पड़ता है। लेकिन, जापान के इनवेस्टर्स अपना पैसा वापस जापान ला रहे हैं, क्योंकि जापान के बांड्स पर उन्हें ज्यादा यील्ड मिल रही है। इसका असर कई तरह से पड़ सकता है। जापान के फंड्स अमेरिकी सरकार के बांड्स (यूएस ट्रेजरी), यूरोपीय सॉवरेन बांड्स और इमर्जिंग मार्केट डेट में निवेश घटा सकते हैं। इससे ग्लोबल बांड्स यील्ड में उछाल दिख सकता है।

## सोने में 1,500 रुपये की तेजी व चांदी 4,000 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,26,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुँच गई। चांदी की कीमतों में भी तेजी आई और यह 4,000 रुपये बढ़कर 1,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। इससे स्थानीय सर्राफा बाजार में तीन दिन की गिरावट थम गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने में तेजी आई, जिसे नए सिरे से सुरक्षित निवेश की मांग का समर्थन मिला, जबकि अमेरिकी श्रम बाजार में लगातार कमजोरी के संकेतों ने संभावित ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को बनाए रखा। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोने ने लगातार दूसरे सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी।


## नीलामी नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय पशुचिकित्सालय तोशाम के कंडम भवन के मलबे की नीलामी दिनांक 05.12.2025 को सुबह 11:00 बजे राजकीय पशुचिकित्सालय तोशाम में शुरू होगी। नीलामी बारे नियम एंव शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

संपर्क :- 97297-72202 हस्ता/- उपमण्डल अधिकारी, पशुपालन एंव डेरिंग, तोशाम

पीआरडीएच-1006/11/33/2026/40466/88/6 दि. 19.11.25


- उद्देश्य, पंजीकरण की समयसीमा महीनों से घटाकर कुछ दिनों में लाना
- आंकड़ों की गोपनीयता संबंधी चिंता का उचित समाधान किया जाए
- सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर जोर

### सेबी चेयरमैन पांडेय ने कहा, प्रक्रिया डिजिटल बनाने पर काम

# सेबी विदेशी निवेशकों के पंजीकरण की प्रक्रिया को और सुगम बनाएगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि बाजार नियामक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाने को लेकर सक्रियता से काम कर रहा है। पांडेय ने कहा कि इसका उद्देश्य पंजीकरण की समयसीमा को महीनों से घटाकर कुछ दिनों में लाना है। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि आंकड़ों की गोपनीयता संबंधी चिंता का उचित समाधान किया जाए।

चेयरमैन ने कहा कि सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए, सेबी एफपीआई पंजीकरण के लिए एक दूसरा मंच भी तैयार कर रहा है। इसे वर्तमान में सीडीएसएल विकसित कर रहा है। यह पहल ऐसे समय में की गई है जब घरेलू निवेशकों की भागीदारी बढ़ने के बावजूद विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### भारत ने 1992 में विदेशी निवेशकों के लिए दरवाजे खोले

*पांडेय ने गोल्डमैन शैक्स के 14वें भारत सीआईओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विदेशी निवेशक भारत के पूंजी बाजारों के केंद्र में बने हुए हैं। 1992 में जब से भारत ने एफपीआई के लिए अपने दरवाजे खोले हैं, पोर्टफोलियो प्रवाह ने 9.3 प्रतिशत का विस्तारित आंतरिक रिटर्न (एक्सआईआरआर) दिया है। एक्सआईआरआर किसी निवेश पर वार्षिक रिटर्न दर को बताता है।*

### सूचीबद्ध कंपनियों में 17 फीसदी की हिस्सेदारी

एफपीआई सितंबर, 2025 तक 876 अरब डॉलर मूल्य की संपत्ति का प्रबंधन कर रहे थे। उनकी सूचीबद्ध कंपनियों में लगभग 17 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पांडेय ने कहा कि इसके साथ सेबी बाजार पहुंच को और भी सुगम बनाने के तरीकों पर विचार कर रहा है। प्रस्तावित ढांचे के तहत, स्वागत-एफआई (भरोसेमंद विदेशी निवेशकों के लिए एकल खिड़की स्वचालित और सामान्यीकृत पहुंच) को जल्द ही बिना किसी अतिरिक्त अनुमोदन के फेमा के तहत निर्धारित अन्य मार्गों से निवेश करने की अनुमति दी जा सकती है।



*एंकर निवेशक ढांचे को संशोधित किया गया : इसके अतिरिक्त, आईपीओ में एंकर निवेशक ढांचे को संशोधित किया गया है ताकि कई फंड संचालित करने वाले बड़े एफपीआई की भागीदारी आसान हो सके। साथ ही एंकर पूल का विस्तार करके जीवन बीमा और पेंशन कोष जैसे दीर्घकालिक निवेशकों को भी इसमें शामिल किया जा सके।*

*बाजार में तरलता बढ़ाने ब्लॉक विंडो : सेबी ने इंडिया मार्केट एक्सेस पोर्टल जैसे उपकरणों के साथ परिवेश को भी मजबूत किया है, जो सभी नियामक और प्रक्रियात्मक सूचनाओं को एक ही स्थान पर एकत्रित करता है। साथ ही बाजार में तरलता बढ़ाने के लिए 'ब्लॉक विंडो' ढांचे की व्यापक समीक्षा भी की है।*

### वैश्विक निवेशकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव मिलेगा

पांडेय के अनुसार, सेबी के सुधारों का अगला चरण वैश्विक निवेशकों के लिए सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। हाल के महीनों में, नियामक ने एफपीआई के बारे में मिले सुझावों पर लगातार काम किया है। पंजीकरण मॉड्यूल को तीव्र और अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के लिए इसमें सुधार किया गया है।

### एक दिन के कारोबार में शुद्ध निपटान की अनुमति पर विचार

सेबी प्रमुख ने कहा कि नियामक इस बात पर भी विचार कर रहा है कि क्या एफपीआई के लिए एक दिन में किए गए सभी कारोबार के लिए शुद्ध रूप से निपटान की अनुमति दी जा सकती है। यह एक परिचालन बदलाव है जिससे लागत कम हो सकती है, क्योंकि एफपीआई को वर्तमान में प्रत्येक कारोबार के लिए डिलिवरी देनी और लेनी होती है। उन्होंने कहा कि सेबी इन सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए आरबीआई और वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है।


## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## MAHARANA PRATAP COLLEGE OF EDUCATION FOR WOMEN

MEHAM ROAD, NEAR SECTOR-23 (BHIWANI) 127021
*(Affiliated to C.B.L.U. & Recognized by N.C.T.E.)*

**REQUIRED TEACHING & NON-TEACHING STAFF FOR B.Ed. CLASS**

**Teaching Staff**
- Asst. Prof. in foundation course :-- 04
- Asst. Prof. in Pedagogical courses :- Physical Science - 01, Biological Science - 01, Maths-01, English-01, S.st. 01, Skt. 01, Commerce-01, Hindi-01
- Asst. Prof. in Specialized courses: Fine Arts - 01, Music -01

**Non-Teaching Staff :-** Librarian - 01, Store Keeper-01, Office Asst. cum Computer Operator-01, Supporting Staff - 01

Apply to the undersigned with a copy to Dean Colleges, C.B.L.U., Bhiwani with photo within 21 days from the date of publication of this advertisement. Attach copy of all the documents. Qualification as per new norms of N.C.T.E./C.B.L.U/ H.Govt.

Contact No. :- 8950708907, Mob. :-9992222458
Email:- mpcew@rediffmail.com PRESIDENT



## COURT NOTICE

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Dr. Monika Khanagwal**
Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar

**MAHENDER SINGH**
**VS.**
**MANJEET SINGH**

CNR No. HRJR02-000254-2018
Next Date : 16-12-2025

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Del no 1 Lrs Naresh Devi Wd/o Manjeet**
**Lrs 2 Bharti D/o Manjeet**
**Lrs 3 Ravi S/o ManjeetS/o Sahi-ram S/o Ranjit**
**Village Tumbaheri, teh and Distt. Jhajjar**

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **16.12.2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*

Sd/- Dr. Monika Khanagwal
Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 17.11.2025



## उत्तर रेलवे

रेलवे भर्ती सैल, उत्तर रेलवे, लाजपत नगर-1, नई दिल्ली-110024
आरआरसी वेबसाइटः www.rrcnr.org

**शुद्धिपत्र**

कृपया इस कार्यालय द्वारा जारी रोजगार संख्या, RRC/NR-04/2025 के सांकेतिक सूचना का अवलोकन करें जिसमें प्रकाशित किया गया था कि:-

''7वें वेतन आयोग के पे मैट्रिक्स लेवल 1 में उत्तर रेलवे की 21 रिक्तियां भरने के लिए भारतीय खिलाड़ियों से खेल योग्यता, शैक्षिक योग्यता, आयु, परीक्षा शुल्क और सामान्य अनुदेश आदि जैसे पात्रता शर्तों सहित एक विस्तृत अधिसूचना दिनांक 14.11.2025 से प्रभावी आरआरसी वेबसाइटः www.rrcnr.org पर उपलब्ध के अनुसार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।"

उपरोक्त पंक्तियों में **लेवल 1** के स्थान पर **लेवल 2, 3, 4 एवं 5** पढ़ा जाए।

3602/2025 कृते अध्यक्ष/आरआरसी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

रेलवे भर्ती सैल, उत्तर रेलवे
लाजपत नगर-1, नई दिल्ली-110024
आरआरसी वेबसाइटः www.rrcnr.org
सांकेतिक सूचना
रोज़गार संख्या- RRC/NR-05/2025

उत्तर रेलवे में वर्ष 2025-26 हेतु विभिन्न मंडलों / इकाईओं/कार्यशालाओं में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अपरेंटिस अधिनिम 1961 के तहत एक्ट अपरेंटिस को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 4116 के स्लॉट्स के लिए योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| आर आर सी वेबसाइट पर अधिसूचना प्रकाशन की तिथि | 18.11.2025 |
| ऑनलाइन आवेदन करने की आरंभिक तिथि और समय | 25.11.2025 को 12 बजे से |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समय | 24.12.2025 को 23:59 बजे तक |
| मेरिट जारी करने की तिथि | फरवरी 2026 |

अध्यक्ष/आरआरसी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3593/25


# आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 513 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 513 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी फिर 26,000 अंक के पार पहुंच गया। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद बंधने के साथ आईटी शेयर में लिवाली और घरेलू संस्थागत निवेशकों की लगातार खरीदारी से बाजार में तेजी आई। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 513.45 अंक की बढ़त के साथ 85,186.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान मानक सूचकांक एक समय 563.75 अंक तक चढ़ गया था। वहीं निफ्टी 142.60 अंक चढ़कर 26,052.65 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी ओर नुकसान में रहने वाले शेयर में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, मारुति, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के मंगलवार को कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर 'आप अच्छी खबर सुनेंगे' जब यह समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत एवं संतुलित होगा। इस बयान से भी बाजारों को थोड़ा समर्थन मिला। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि मंगलवार की गिरावट के बाद बुधवार को शेयर बाजारों में तेजी लौटी।

### अदाणी ने एडब्ल्यूएल एग्री में 13% हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने बाजार से इतर लेनदेन के जरिये एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड (पूर्व में अदाणी विल्मर लिमिटेड) में अपनी 13 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी विल्मर इंटरनेशनल की एक अनुषंगी कंपनी को बेच दी है।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | बाढ़ से क्षतिग्रस्त दादरी और बाढड़ा निर्वाचन क्षेत्र, जिला चरखी दादरी में सम्पर्क सड़कों अर्थात सरूपगढ़ से कनेटी, इमलोटा कनेटी, संतोर से निमली, जेवली से चांदवास। बलकारा से दादरी-महेन्द्रगढ़ रोड की विशेष मरम्मत। (आईडी-482, 491, 480, 4582 और 450). | बंद होने की तिथि 25.11.2025 | रु. 45,44,041/- | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 eebhiwani2025.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40464/I/88/6 दि. 19.11.25

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | चप्पार (एम.सी. चरखी दादरी) में खरीद केन्द्र में हाई मास्ट लाइटिंग स्थापना का प्रावधान, सी.एम. घोषणा 26870 दिनांक 08.07.2022 + 1 कार्य। | 18.11.2025 25.11.2025 | ईएमडी रु.44,200/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40437/I/88/6 दि. 19.11.25

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प, कैथल | कैथल जिले में गांव कवारतन में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 24.11.2025 | 25.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 eepwdkaithal@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | गांव दहीमा के निकट बिरानी तालाब1 (01HRHSRHR10157DHAH003) का पुनरोद्धार + 1 कार्य। | 18.11.2025 24.11.2025 | 94.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417284563 xenconstdivn7hsr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/40/40460/I/88/6 दि. 19.11.25



## निविदा/कोटेशन सूचना

जिला स्तरीय गीता महोत्सव 29 नवंबर से 01 दिसंबर 2025 तक चरखी दादरी में मनाया जा रहा है। इसके लिए निम्नलिखित वस्तुओं व सेवाओं के लिए बंद निविदा/कोटेशन आंमत्रित की जाती हैं।

1. कुर्सियां, सोफा सैट, सेंटर टेबल, स्टॉल, कारपेट, पर्दे, कालीन, स्पीच स्टैंड, प्रवेश-द्वार, स्टेज सामियाना आदि टैंट से संबंधित सामान।
2. लाईट और साउंड सिस्टम व जरनेटर डीजल सहित।
3. वॉल एलईडी बैंक ड्रॉप के लिए, एलईडी।
4. वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी और ड्रोन।
5. निमंत्रण कार्ड व प्रशस्ति पत्र।
6. स्मृति चिन्ह, शाल, चद्दर, पगड़ी व गिफ्ट आईटम आदि।
7. श्रीमद भागवत गीता की प्रतियां।
8. खाद्य सामग्री (नाश्ता, लंच, डीनर व चाय-कॉफी, ड्राई फ्रूट, मिठाई, फल, लड्डू आदि)।
9. बैंड व घोड़ा बग्गी, ट्रैक्टर ट्राली, झांकी कलाकार, नगाड़ा आदि दैनिक भोगी कलाकार आदि।
10. फूल मालाएं, बुके व स्टेज सजावट सामग्री आदि।
11. होर्डिंग्स, पंपलेट व बैनर।
12. सांस्कृतिक गुरप।
13. ईत्यादि।

**नोटः- इच्छुक फर्म अपनी निविदा//कोटेशन बंद लिफाफे में डीआईपीआरओ, कार्यालय चरखी दादरी के नाम दिनांक 25 नवंबर 2025 को सुबह 11 बजे तक लघु सचिवालय के पुराने भवन प्रथम तल के कमरा नम्बर 101 में स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के कार्यालय में भिजवाई जा सकती हैं। इच्छुक फर्म के पास सरकारी अथवा बड़े कार्यक्रमों के आयोजन करवाने को लेकर कम से कम दो साल का अनुभव होना जरूरी है। ईच्छुक फर्म को आयोजन को लेकर निविदा/कोटेशन खोलने के समय अपनी कार्ययोजना के बारे में जानकारी देनी होगी।**

- निविदा/कोटेशन दिनांक 26 नवंबर 2025 को सुबह 11 बजे खोली जाएंगी।
- वस्तुओं की मात्रा में कमी या बढ़ोतरी की जा सकती है। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
- उपलब्ध करवाई जाने वाली सामग्री, किए जाने वाले प्रबंधों व सामान की गुणवत्ता व रेट और कार्ययोजना के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

हस्ता/- जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी एवं सदस्य सचिव, गीता जयंती महोत्सव, चरखी दादरी।


## राशिफल

**मेष** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

### डीजीसीए ने इंडिगो पर 20 लाख का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय ने उदयपुर हवाई अड्डे पर इंस्ट्रूमेंट उड़ान प्रक्रिया से संबंधित उल्लंघन के लिए इंडिगो पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मंगलवार को बीएसई को जुर्माने की जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी की अन्य गतिविधियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।



## ई-नीलामी सूचना

(टाई रॉड SS304 के साथ एसएस टैंक प्लेट्स, एमएस टैंक संरचना, लिफ्ट बॉक्स जोड़ी बेल्ट कन्वेयर, केबल ट्रे और सपोर्ट केबल्स, पीयू पाइप, सेंसर स्लाइड गेट और मैग्नेट का क्षतिग्रस्त स्टॉक) ई-नीलामी फॉर्म इच्छुक खरीदारों से निपटान के लिए आमंत्रित किए जाते हैं, सख्ती से "जैसा है जहां है आधार पर", प्रति किलोग्राम के आधार पर बचाव के लिए I) टाई रॉड SS304 के साथ एसएस टैंक प्लेट्स II) एमएस टैंक संरचना III) लिफ्ट बॉक्स जोड़ी IV) बेल्ट कन्वेयर, V) केबल ट्रे और सपोर्ट VI केबल्स VII) पीयू पाइप्स VIII) सेंसर IX) स्लाइड गेट और मैग्नेट (सर्वेक्षण द्वारा नियंत्रित: मैक इस्ला प्राइवेट लिमिटेड) एनएच -709 पर मेसर्स एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड से संबंधित है। पानीपत-रोहतक रोड, गाँव मुंडलाना, गोहाना - 131306 का निरीक्षण 20/11/25 से 27/11/25 के बीच श्री नितिन -8810331841 से पूर्व नियुक्ति लेकर किया जा सकता है। ई-नीलामी 28/11/25 को होगी। ई-नीलामी फॉर्म के लिए, खुशी से मोबाइल - 9990857386 पर संपर्क करें।

**साल्वर सेटलर्स प्राइवेट लिमिटेड (नीलामीकर्ता)**

पताः 203, द्वितीय तल, उषा किरण बिल्डिंग, आजादपुर वाणिज्यिक परिसर आकाश सिनेमा के पास दिल्ली - 110033 या वेबसाइट से डाउनलोड करें : www.salvorsettlers.com
ई-नीलामी फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 28/11/25 दोपहर 12:30 बजे से पहले है।


## शब्द पहेली - 6053




**बाएँ से दाएँ**
1. यश प्राप्त करना-5
5. चतुर, जहीन-5
9. दया, तरस-3
10. कामदेव-3
11. लीन, तल्लीन-2
13. बोली, आवाज-2
14. राजदुर्वा-2
15. एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18. मत, सलाह-2
19. जो लायक न हो-4
20. अधीनस्थ-4
21. कहानी, गाथा-2
22. श्रवणेंद्रिय-2
23. कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26. दान देने वाला-4
29. वरदान, दूल्हा-2
30. पत्नी का नाना-2,3
33. सूर्य, दिनकर-2
34. भीगा हुआ-2
35. सुर आलाप-2
36. फूलों का रस,अर्क-3
38. तरंग, हिलोर-3
41. जरुरतमंद-5
42. सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1. नामकरण-5
2. टैक्स,हाथ-2
3. महीना, मास-2
4. नामवर, प्रसिद्ध-4
5. संधि, सामंजस्य-4
6. सरुर, नशा-2
7. झंकार-2
8. रमण योग्य-5
12. तगारी, नांद-3
13. सुअर-3
15. अभिमान मर्दित होना -2,3
16. समाप्त-2
17. नेकनीयत-5
23. हनुमान-3,2
24. मुलायम-3
25. उम्मीद, आशा-2
27. बहादुरी-3
28. शिव, रविलोचन-2,3
31. नामचीन-4
32. सुसंचालन-4
36. चेहरे का तेज, दर्प-2
37. रिश्तेदार-2
39. अधिकार-2
40. ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 6052 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | ■ | ब | ला | ■ | य | म | ■ | श | र |
| या | ■ | क | ल | ■ | जो | श | ■ | जा | य | ज |
| ■ | कै | द | ■ | श | र | ■ | का | न | न | ■ |
| न | दी | ■ | खे | मा | ■ | का | त | ना | ■ | जा |
| म | ■ | जा | ल | ■ | का | य | र | ■ | ता | ल |
| ■ | मा | न | ■ | र | म | ल | ■ | का | ला | ■ |
| का | या | ■ | बी | न | ना | ■ | रा | म | ■ | सी |
| र | ■ | क | ह | र | ■ | शो | र | ■ | बा | धा |
| ■ | की | च | ड़ | ■ | सा | ला | ■ | री | त | ■ |
| क | म | रा | ■ | ख | र | ■ | सी | ता | ■ | द |
| म | त | ■ | जी | त | ■ | मा | मा | ■ | दा | म |



## प्रधानमंत्री ने कोयंबटूर में पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त की जारी

# 9 करोड़ बैंक खातों में 18,000 करोड़ की राशि हस्तांतरित की

### किसानों से की मुलाकात और प्रदर्शनी भी देखी, दक्षिण भारत राष्ट्रीय कृषि शिखर सम्मेलन में भाग लिया

एजेंसी ▶▶ कोयंबटूर

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कोयंबटूर में एक समारोह में लाभार्थियों को पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त हस्तांतरित की। 9 करोड़ लाभार्थियों के बैंक खातों में 18,000 करोड़ से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। पीएम मोदी ने प्राकृतिक कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और दक्षिण भारत राष्ट्रीय कृषि शिखर सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने स्थानीय किसानों से मुलाकात की और बातचीत की और प्रदर्शनी का निरीक्षण किया, जिसमें विभिन्न कृषि उत्पादों के साथ-साथ पौधों और फसलों की वृद्धि को दर्शाने के लिए एक कोना भी था। प्रधानमंत्री के साथ तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि भी थे।


मुख्यमंत्री नायडू प्रधानमंत्री को उपहार देते हुए।

### पुनर्योजी खेती की ओर बदलाव को गति मिलेगी

दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन 2025, जो 19-21 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है का उद्देश्य टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल और रसायन-मुक्त कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना तथा भारत के कृषि भविष्य के लिए व्यवहार्य, जलवायु-स्मार्ट और आर्थिक रूप से टिकाऊ मॉडल के रूप में प्राकृतिक और पुनर्योजी खेती की ओ र बदलाव को गति देना है। सम्मेलन में किसान भी मौजूद थे। उत्पादक संगठनों और ग्रामीण उद्यमियों के लिए बाजार संपर्क बनाने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा, साथ ही जैविक आदानों, कृषि प्रसंस्करण, पर्यावरण अनुकूल पैकेजिंग और स्वदेशी प्रौद्योगिकियों में नवाचारों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### मंच पर पीएम मोदी के ऐश्वर्या ने पैर छू कर लिया आशीर्वाद

बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन भी श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुईं।इस दौरान की एक झलक सामने आई है, जिसमें पीएम मोदी और ऐश्वर्या राय एक साथ नजर आए। इतना ही नहीं ऐश्वर्या राय ने पीएम मोदी के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। ये वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल गया।

### पुट्टपर्थी में सत्य साईं के शताब्दी समारोह में पीएम ने की शिरकत, सीएम नायडू ने किया सम्मान

## सामाजिक योगदान के बिना कर्म का कोई अर्थ नहीं



प्रधानमंत्री का पुट्टपर्थी में सीएम चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने उनका स्वागत किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में भाग लिया। पीएम मोदी ने कहा कि सेवा के बिना भक्ति, करुणा के बिना ज्ञान और सामाजिक योगदान के बिना कर्म का कोई अर्थ नहीं है। प्रधानमंत्री का मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन, केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु और जी किशन रेड्डी भी मौजूद थे।

### आंध्र प्रदेश में 'सुकन्या समृद्धि योजना' लॉन्च

आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में पीएम नरेंद्र मोदी ने 'सुकन्या समृद्धि योजना' लॉन्च की। पीएम मोदी ने कहा कि अब तक देश की 4 करोड़ से ज्यादा बेटियों के खाते सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खोले जा चुके हैं।

### स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी

पीएम मोदी ने सत्य साईं बाबा के जीवन, शिक्षाओं और चिरस्थायी विरासत को सम्मानित करते एक स्मारक सिक्का और डाक टिकटों का एक सेट भी जारी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मानवसेवा ही माधव सेवा है।

श्री सत्य साई बाबा का यह जन्मशताब्दी वर्ष हमारी पीढ़ी के लिए सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि एक दिव्य वरदान है।

### एसआईआर शुरू होते ही लोगों में भगदड़

## बोरिया बिस्तर समेटकर भागने लगे बाहरी घुसपैठिए, सीमाओं पर भीड़


बंगाल से भागते हुए अवैध बांग्लादेशी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारत के कई राज्यों में मतदाता सूची के दस्तावेज़ सत्यापन (एसआईआर) की कड़ी प्रक्रिया शुरू हुई है। एक दिलचस्प प्रवृत्ति सामने आ रही है कि वर्षों से देश के अलग-अलग कोनों में बसे अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए अपना सामान समेटकर गायब होने लगे हैं। मजदूरी, घरेलू काम और निर्माण क्षेत्रों में घुले-मिले ये लोग प्रदेशों से निकलकर पूर्वी सीमाओं की ओर भाग रहे हैं। सख्ती ने कई इलाकों में मानो एक मौन भगदड़ पैदा कर दी है। अवैध प्रवासी इस आशंका में हैं कि उनके नाम, पहचान और निवास की पूरी जांच होने पर उनका 'अदृश्य जीवन' उजागर हो जाएगा इसलिए वह वापस भागने का प्रयास कर रहे हैं। उत्तर 24 परगना के हाकिमपुर सीमा चौकी पर भारत-बांग्लादेश सीमा सुरक्षा को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### कार्य के तनाव ने छीन ली जिंदगी

### हार्ट अटैक से बीएलओ की मौत

**जयपुर।** जिले के खंडार उपखंड क्षेत्र के बहरावड़ा खुर्द गांव में मंगलवार सुबह एक बीएलओ की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बाद गांव और प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया। बीएलओ हरिओम बैरवा के परिजनों ने आरोप लगाया कि एसआईआर कार्य को लेकर एसडीएम और तहसीलदार द्वारा लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वह पिछले छह दिनों से गंभीर तनाव में था। परिजनों का कहना है कि हरिओम घर पर बातचीत नहीं कर रहा था। वहमानसिक रूप से बेहद परेशान दिख रहा था। मंगलवार सुबह उसे तहसीलदार का फोन आया। परिजनों ने बताया कि फोन परबातचीत के कुछ ही मिनट बाद उनकों सीने में दर्द उठा और वह गिर पड़ा।

### राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में कहा

## एनआईटी आदर्श डिजिटल गांव निर्माण में अहम भूमिका निभाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को एनआईटी दिल्ली के 5वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जैसे उच्च तकनीकी शिक्षण संस्थान देश में आदर्श डिजिटल गांवों के निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं। ये संस्थान सरल तकनीकी समाधान विकसित कर ग्रामीण क्षेत्रों तक तकनीक की पहुंच सुनिश्चित कर सकते हैं। लोगों को डिजिटल कौशल सिखा सकते हैं और उद्योगों से गांवों में सुविधाओं के विकास को गति दे सकते हैं।



### डिजिटल इंडिया अभियान ने अहम काम किया


राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान ने देश में तकनीक को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। इसके माध्यम से अनगिनत अवसरों के नए द्वार खुले हैं।

### लापरवाही सुधारने का दिया आदेश

## सबरीमाला में अव्यवस्था पर हाई कोर्ट ने केरल सरकार को लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

सबरीमाला मंदिर में वार्षिक यात्रा के दौरान भारी भीड़ और अव्यवस्था ने एक बड़ा प्रशासनिक संकट खड़ा कर दिया है। इस हालात को देखते हुए केरल हाई कोर्ट ने सबरीमाला क्षेत्र में हुई भीड़ बढ़ने की घटना पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने साफ कहा कि यह स्थिति प्रशासनिक समन्वय की कमी, तैयारी में लापरवाही और पिछले आदेशों के पालन न होने का नतीजा है। विपक्ष ने भी सरकार पर जानबूझकर यात्रा प्रबंधन को अव्यवस्थित करने का आरोप लगाते हुए बड़ा हमला बोला है।



### श्रद्धालुओं को एक साथ जाने की अनुमति क्यों दी?

हाई कोर्ट ने कहा कि अव्यवस्था पूरी तरह से रोकने योग्य थी, लेकिन अधिकारियों के बीच समन्वय न होने और त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड द्वारा समय पर तैयारी न होने से भीड़ अनियंत्रित हो गई। श्रद्धालुओं को एक साथ प्रवेश की अनुमति क्यों दी? किस आधार पर दी गई। यात्रियों को अलग-अलग सेक्टरों में बांटकर नियंत्रित तरीके से आगे बढ़ाया जाए।

### तलाक-ए-हसन पर भड़का सुप्रीम कोर्ट, उठाए सवाल

## आरोपी पति के अहंकार पर नाराज हो गए मीलॉर्ड, प्रथा को रद्द करने पर करेंगे विचार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम समुदाय में किसी पति के खुद उपस्थित हुए बिना अपने किसी वकील के माध्यम से तलाक भेजने की प्रथा पर सख्त नाराजगी जाहिर की है और सवाल उठाए हैं कि क्या किसी सभ्य समाज में इसकी इजाजत दी जा सकती है? जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने संकेत दिया कि पीठ तलाक-ए-हसन प्रथा को रद्द करने पर विचार कर सकती है। बेनज़ीर हीना बनाम भारत संघ एवं अन्य के मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुयान और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह भी संकेत दिया कि वह इसे 5 न्यायाधीशों की पीठ को सौंप सकती है।



### प्रथा व्यापकता से समाज को प्रभावित कर रही

शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यह प्रथा व्यापक रूप से समाज को प्रभावित करती है, इसलिए न्यायालय को सुधारात्मक उपाय करने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ सकता है। कोर्ट ने आरोपी पक्ष से कहा कि जब आप हमें एक संक्षिप्त नोट देंगे, तो हम इस मामले को पांच न्यायाधीशों की पीठ को सौंपने की वांछनीयता पर विचार करेंगे। हमें मोटे तौर पर वे प्रश्न बताएँ जो उठ सकते हैं। फिर हम देखेंगे कि वे मुख्यतः कानूनी प्रकृति के हैं और न्यायालय को उनका समाधान करना होगा।

### ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट 2021 को घोषित किया असंवैधानिक

सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट 2021 को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने एक्ट के प्रमुख प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। ये प्रावधान विभिन्न अधिकरणों के सदस्यों की नियुक्ति, सेवा की शर्तों,कार्यकाल से जुड़े थे। सीजेआई गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा, एक्ट शक्तियों के पृथक्करण,सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। कोर्ट ने केंद्र सरकार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पहले रद्द किए गए प्रावधानों को मामूली बदलाव के साथ दोबारा लागू करना न्यायिक फैसलों का अपमान है।



## चिंतन

# विस्तारवादी चीन से हमेशा सतर्क रहने की जरूरत

हिन्दी की बहुत पुरानी कहावत है, चोर चोरी से जाए पर हेराफेरी से न जाए। ये हमारे पड़ोसी चीन पर पूरी तरह से फिट बैठती है। चीन चाहे भारत का मित्र होने के हजार दावे करे, लेकिन सच्चाई यही है कि जब भी उसे मौका मिलता है, वो अपनी नापाक हरकत करने से बाज नहीं आता। उसकी ऐसी ही एक करतूत का खुलासा अमेरिकी रिपोर्ट में हुआ है। इसमें दावा किया गया है कि आपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने राफेल की बिक्री रोकने के लिए फर्जी कैंपेन चलाया था। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के तुरंत बाद चीन ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए राफेल गिराने का दावा किया। चीन ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हर संभव प्रयास किया कि किसी भी तरह से दुनिया के हथियारों को बेकार बताकर अपने जंगी जहाज बेचे जा सकें। एआई से बनाई गई नकली तस्वीरें फैलाई गईं, जिनमें दावा किया गया कि भारतीय राफेल को चीन के हथियारों ने गिराया है और यह उसके मलबे की तस्वीरें हैं। इशारा साफ था कि फ्रांस का राफेल चीन के जे-35 के सामने धराशायी हो गया। राफेल विमान फ्रांस की दसॉ एविएशन द्वारा बनाया गया दो इंजन वाला लड़ाकू विमान है। ये एक मिनट में 60,000 फीट की ऊंचाई तक पहुंच सकता है। इसकी रेंज 3700 किलोमीटर है। साथ ही यह 2200 से 2500 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। सबसे खास बात ये है कि इसमें मॉडर्न 'मिटिअर' मिसाइल और इजराइली सिस्टम भी है। जो दुश्मन की किसी भी हरकत का जवाब देने में सक्षम है, लेकिन चीन ने नकली वीडियो से इसे बेकार सबित करने का प्रयास किया। असल में चीन हर वो संभव प्रयास करता है, जिससे उसे आर्थिक रूप से लाभ हो। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ के बाद चीन-भारत के संबंधों में कुछ हद तक सुधार हुआ है। अब भी अहम सवाल यही है कि क्या चीन का भारत के प्रति वाकई कोई हृदय परिवर्तन हुआ है और अगर ऐसा हुआ है तो इसका कारण क्या है। बीते 12 वर्षों से चीन पर राज करते हुए तानाशाह राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मंशा पर ध्यान दें तो यह असंभव है कि उन्होंने एशिया और विश्व में चीन के वर्चस्व और विस्तारवाद का सपना रातोंरात त्याग दिया हो। चीन कभी भी अपनी विस्तारवादी मंशा को त्यागने को तैयार नहीं दिखता और पड़ोसी देशों के साथ विवादों में अपनी शक्ति एवं श्रेष्ठता के बलबूते हावी होने को कोशिश करता रहता है। भारत के अलावा एक दर्जन से अधिक देशों के साथ चीन के अनसुलझे क्षेत्रीय विवाद हैं और इन सभी के प्रति चीन ने दबंग व्यवहार अपनाकर धौंस दिखाता रहता है। शी जैसे कट्टर नेता का महाशक्ति बनने का महत्वाकांक्षी स्वप्न को भुला देना नामुमकिन सा है। चीन सपना केवल महाशक्ति बनाना ही नहीं, बल्कि अमेरिका को पछाड़कर विश्व का सबसे बड़ा दादा बनने की है। इसके बाद वो पूरी दुनिया को अपने हिसाब से चला सके। भारत एशिया में ही इसका सबसे बड़ा रोड़ा है। ऐसे में वो कब और कितना नुकसान कर दे, कुछ कहा नहीं जा सकता। इसलिए जरूरी है कि हम चीन को लेकर हमेशा सतर्क और सजग रहें और अपनी अर्थव्यवस्था को सेवा के साथ निर्माण क्षेत्र में भी गति दें तभी चीन से मुकाबला कर पाएंगे।

# शिक्षित वर्ग को शिकार बना रहे आतंकी



**आतंकवाद**
**योगेश कुमार सोनी**

> आतंकवादियों के सभी हमलों ने यह तो दर्शा दिया कि उनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि वह अपने मंसूबों में हमेशा कामयाब हो जाते हैं। आतंकवादियों के लिए आतंक फैलाना हमेशा बड़ा व्यवसाय रहा है। उनके गुर्गों की ट्रेनिंग इतनी खतरनाक तरह से होती है कि वह अपनी जान की परवाह किए बिना किसी भी आतंकी घटना को अंजाम दे देते हैं। आतंकवादी संगठन मजहब के नाम पर हर रोज सैकड़ों युवाओं को दलदल में डालने का काम करते हैं। मजहब के नाम पर कुर्बान होने के लिए उनका जिस तरह माइंड वॉश किया जाता है वह बेहद आश्चर्यचकित करता है। सरकार को इसे समझते हुए बड़ी रणनीति की आवश्यकता है जिससे देशवासियों को धैर्य व विश्वास के साथ जिंदगी जीने को मिले।

देश में आजादी से लेकर आज तक आतंकवाद नहीं रुक सका है। हालांकि इस बात में कोई दोराय नहीं है कि आतंकवाद पर शिकंजा कसने का सभी सरकारों ने अथक प्रयास किया है। हमारे देश में वर्ष 1980 से लेकर आज तक लगभग 125 बड़े हमले हो चुके हैं जिसमें हजारों लोग बेमौत मारे गए हैं। आतंकवादियों के सभी हमलों ने यह तो दर्शा दिया कि उनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि वह अपने मंसूबों में हमेशा कामयाब हो जाते हैं। दरअसल, आतंकवादियों के लिए आतंक फैलाना हमेशा एक बड़ा व्यवसाय रहा है। उनके गुर्गों की ट्रेनिंग इतनी खतरनाक तरह से होती है कि वह अपनी जान की परवाह किए बिना किसी भी आतंकी घटना को अंजाम दे देते हैं। आतंकवादी संगठन मजहब के नाम पर हर रोज सैकड़ों युवाओं को दलदल में डालने का काम करते हैं। मजहब के नाम पर कुर्बान होने के लिए उनका जिस तरह माइंड वॉश किया जाता है वह बेहद आश्चर्यचकित करता है।

दिनों दिल्ली में हुए हमले को अंजाम देने वाले डॉक्टर जैसे पढ़े-लिखे पेशे का इस्तेमाल किया और यह एक लंबी कतार निकली। दिल्ली लाल किला ब्लास्ट केस में शामिल आतंकी लखनऊ की डॉ. शाहीन सईद बीते दशकभर से पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ी थी। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार शाहीन 2015 में जैश से जुड़ी थी। एक डॉक्टर होने के बावजूद किसी के मन में इतना जहर कैसे हो सकता है। जबकि आप जिस देश में रह रहे हों और उसी देश के लिए इतनी बड़ी गद्दारी कर रहे हों। जांच में पता कि वर्ष 2021 में एक रिश्तेदार ने डॉ. शाहीन को पति, बच्चे और नौकरी छोड़ने पर जब टोका तो शाहीन ने कहा था- परिवार और नौकरी में क्या रखा है। अपने लिए बहुत जी लिए। अब कौम का कर्ज उतारने का समय है। इस वाक्य से बहुत कुछ तय हो जाता है चूंकि पूरी दुनिया में माना जाता है कि डॉक्टरी की पढ़ाई सबसे मुश्किल पढ़ाइयों में से एक है और वहीं दूसरी ओर यह लोगों की जान बचाने का भी पेशा है तो बेहद सम्मानित व पूजनीय भी है लेकिन बावजूद इसके, यदि ऐसे लोगों का मस्तिष्क बदला जा सकता है तो फिर किसी का भी संभव है। सवाल यही है कि आखिर इनके पास ऐसी कौन सी शक्ति है जो यह किसी को भी नियंत्रित कर लेती है। आखिर अमेरिका व अन्य शक्तिशाली देश भी इन पर नियंत्रण क्यों नहीं पा सके। आतंकी हमले में हमेशा आम आदमी ही मारा जाता रहा है और हजारों-लाखों लोग इसमें अपनी बिना वजह जान गंवा चुके। भारत सरकार ने अब तक 42 संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। हालांकि, विकिपीडिया के अनुसार दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल ने भारत में संचालित होने वाले 180 से अधिक आतंकवादी समूहों को सूचीबद्ध किया है, जिनमें से कुछ पड़ोसी देशों में भी सक्रिय हैं। इस खेल में आश्चर्य की बात यह भी है कि हमारे देश में बैठे कुछ आस्तीन के सांप खुलेआम समर्थन भी करते हैं। कुछ वर्ष पूर्व जाकिर नाईक जैसे फर्जी धर्मगुरुओं ने धर्म परिवर्तन की खुले आम दुकान खोलकर लाखों युवाओं को आतंकवाद में धकेलने का काम किया। वहीं छांगुर बाबा जैसा फर्जी बाबा आतंकवाद समर्पित निकला और वह धर्मांतरण का बहुत बड़ा रॉकेट चला रहा था। हालांकि ऐसे और भी



बहुत सारे नाम हैं। इसके अलावा भी कितने ऐसे लोग व संगठन हो सकते हैं जो आतंकवादी संगठनों के लिए काम कर रहे हों। इस बात को समझने में हमें कोई शक नहीं है कि हर सरकार आतंकवाद पर शिकंजा कसने के लिए हर अथक प्रयास करती है और पूरी निगरानी भी रखती है लेकिन सवाल यही उठता है कि आखिर आतंकवादी तकनीकी रूप से विश्व की बड़ी-बड़ी एजेंसियों से इतना अपडेट व अपग्रेड हैं कि इनके इरादों की भनक तक भी नहीं लग पाती। भारत के परिवेश में विशेषज्ञों का मानना है कि यहां लगातार जनसंख्या बढ़ रही है जिसको नियंत्रित करने के लिए पुलिस व सभी तरह की एजेंसी बल इतना नहीं है कि वह निगरानी रख सकें। भारत जैसे देश पर तो सभी कट्टर इस्लामिक आतंकवादी संगठनों की निगाह है।

हाल ही में हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी वाले प्रकरण से देश में एक नकारात्मक संदेश गया। तीन संदिग्ध डॉक्टरों की वजह से बहुत सारे सही विद्यार्थियों पर भी गाज गिर रही है और अब यूनिवर्सिटी की मान्यता भी रद्द कर दी गई है। साथ ही अब जितनी भी इस्लामिक यूनिवर्सिटी हैं, उनको भी शक के घेरे में लिया जा रहा है। आतंकवादी जिस ट्रैक पर काम करते हैं वह बेहद आश्चर्य में डाल देता है। चूंकि उसके लिए जो लोग काम करते हैं वह शिक्षित वर्ग होता है और कोई भी जांच एजेंसी एकाएक ऐसे लोगों पर शक नहीं करती जिसका वह जमकर फायदा उठाते हैं। इस घटना से देश में सभी मुस्लिम डॉक्टरों को भी सही निगाह से भी नहीं देखा जा रहा जबकि हर कोई एक जैसा नहीं होता। चूंकि डॉक्टरों का धर्म, फर्ज व कर्तव्य मरीजों को इलाज देना व जान बचाना होता है लेकिन यदि उस रूप में भी जिहादी निकल जाए तो इसमें तो उसके अलावा किसी की भी गलती नहीं मानी जा सकती। अब विश्व के नेताओं व जांच एजेंसियों को सबसे पहले यह समझना होगा कि आखिर आतंकी संगठन कैसे लोगों के मस्तिष्क को नियंत्रित करके उनको काबू करते हैं व साथ यह भी समझना होगा कि इनका संपर्क साधने का तरीका क्या है। यह किस तरह के लोगों को टारगेट करते हैं। चूंकि एक कहावत है कि 'चोर नही चोर की मां को पकड़ो' तो सब पता चल जाता है। दरअसल सोशल मीडिया के दौर में संपर्क साधना बहुत आसान हो गया है और आतंकवादी संगठन इसका जमकर फायदा उठा रहे हैं।

इस खेल के चक्रव्यूह को भेदना आसान तो नहीं हैं लेकिन असंभव भी नहीं हैं। ऐसे लोगों की सोशल मीडिया गतिविधियों पर ध्यान रखने के लिए अधिक बल की जरूरत है और साथ में तकनीकी भी मजबूत होना पड़ेगा। बाकी जहां शक की गुंजाइश कम या न हो, वहां तुरंत प्रभाव के साथ सक्रियता दिखानी चाहिए। जो लोग सोशल मीडिया पर देश विरोधी एजेंडा चला रहे हों, उन पर सबसे पहले कार्यवाही होनी चाहिए। चूंकि वह अपने फॉलोवर्स को गलत संदेश प्रेषित करके समाज में तो जहर घोलने का काम करते ही हैं, साथ में उनकी अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होने की आशंका बढ़ जाती है। बाकी लोगों को यह समझना होगा कि यह देश उनका भी है इसलिए उससे गद्दारी करके हम आने वाली पीढ़ी को भी गलत संदेश दे रहे हैं। यदि आतंकवाद इतना सरल हो जाएगा तो यह मानव जीवन पर प्रहार के रूप में काम करेगा। हमने आज तक बहुत सारे परिवारों को उजड़ते देख लिया और यह ही लगता है कि आखिर उन बेगुनाहों का क्या कसूर है जो हर बार बिना वजह बेमौत मारे जाते हैं। सरकार को इस पीड़ा को समझते हुए एक बहुत बड़ी रणनीति की आवश्यकता है जिससे कि देशवासियों को धैर्य व विश्वास के साथ जिंदगी जीने को मिले, चूंकि हर कोई सबसे पहले सुरक्षा चाहता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## सियासत

**विवेक शुक्ला**




# बिहार चुनाव : चाणक्य की जीत, महागठबंधन की हार

बिहार विधान सभा के नतीजे आने के बाद से ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राजधानी दिल्ली स्थित आवास में राज्य की नई सरकार के गठन के सवाल पर एनडीए के नेताओं के बीच बैठकों के दौर जारी है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में नई सरकार 20 नवंबर को पदभार संभाल लेगी। बिहार विधान सभा के चुनाव परिणाम पर भी कुछ समय तक और बहस जारी रहने वाली है। अब मुख्य रूप से इस मुद्दे पर बहस हो रही है कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने किसी का भी चुनाव जीतना अब नामुमकिन है? ज्यादातर राजनीतिक पंडितों की राय यह बन रही है कि बीजेपी और प्रधानमंत्री मोदी को हराना नामुमकिन नहीं भी है तो यह मुश्किल जरूर है। एक बात साफ है कि भाजपा के लिए चुनाव तैयारी कोई पार्ट टाइम गेम नहीं है, बल्कि यह जनता से जुड़े रहने और मुद्दों के आसपास पार्टी को तैयार रखने का सतत अभियान है। भाजपा की जिस चुनावी रणनीति का लोग आज लोहा मान रहे हैं, उसे विकसित करने और उसकी धार बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वयं गृह मंत्री अमित शाह निभाते हैं। बिहार में महागठबंधन के नेताओं जैसे राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, प्रियंका गांधी और अन्य नेता जनता को अपने साथ जोड़ने में एक सिरे से विफल रहे। राहुल गांधी तो वोट चोरी के आरोप लगाने के अलावा अब सब कुछ भूल गए। अगर उनके पास कोई ठोस सुबूत हैं तो वे कोर्ट में क्यों नहीं जाते। पहले वे ईवीएम में गड़बड़ी का रोना रोते थे। बहरहाल, बिहार में भी एनडीए की इस चुनावी जीत के सूत्रधार अमित शाह बने हैं, जिन्होंने महागठबंधन के किसी भी पैतरे को चलने नहीं दिया और राहुल-तेजस्वी की जोड़ी को करारी शिकस्त दे दी। 2010 के बाद भाजपा फिर से 90 प्रतिशत की स्ट्राइक रेट के साथ 89 सीटें जीतने में कामयाब रही और इस बार बिहार विधान सभा में सबसे बड़ी पार्टी भी बन गई। जबकि कांग्रेस के लिए चुनाव परिणाम शर्मनाक स्तर का है और आरजेडी 2010 की स्थिति में पहुंच गई है। बीजेपी नेतृत्व को बिहार की नब्ज पर पकड़ का अंदाज था। खासकर अमित शाह ने अपनी तीन महीने के धुआंधार दौरे से यह अंदाज लगा लिया था कि जनता क्या चाहती है और उसी के अनुसार जब केंद्र और राज्य सरकार ने बिहार की जनता की अपेक्षाओं को पूर्ण करने का काम पूरा किया, तो जनता गदगद हो उठी। अमित शाह पहले नेता थे जिन्होंने एक चुनावी रैली में ही यह ऐलान कर दिया था कि इस बार एनडीए 160 से ज़्यादा सीटें जीतेगा और बिहार में सरकार बनाएगा। फिर अंतिम चरण के मतदान से कुछ ही दिन पहले एक रैली में, शाह ने फिर घोषणा की कि 14 नवंबर को राजद और कांग्रेस परिवारों के राजनीतिक सफाए का दिन होगा। यदि अमित शाह ने चुनावी सफलता का कोई रिकार्ड बनाया है, तो इसके पीछे उनका अनथक परिश्रम है। पार्टी में रणनीति और उस पर क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह से समर्पित कार्यकर्ताओं के निर्माण की एक बड़ी प्रक्रिया है। अमित शाह न सिर्फ इस प्रक्रिया के निर्माण और संचालन की जिम्मेदारी उठाते हैं, बल्कि कार्यकर्त्ताओं और निचले स्तर पर काम कर रहे भाजपा नेताओं और गठबंधन सहयोगियों में विश्वास का भाव भी पैदा करते हैं। दूसरी तरफ राहुल और तेजस्वी अकेले चने की तरह भाड़ फोड़ने में लगे थे। कांग्रेस की तरफ से प्रियंका के अलावा किसी बड़े नेता की उपस्थिति महसूस ही नहीं की गई और तेजस्वी अपने घर के असंतोष को भी खत्म नहीं कर सके। अमित शाह ने स्वयं बिहार में 35 रैलियों को संबोधित किया और एक बड़े रोड शो का नेतृत्व किया। वह केवल भाषणों और रैलियों तक खुद को सीमित नहीं करते, बल्कि बूथ स्तर तक अपनी उपस्थिति बनाए रखते हैं। इससे पार्टी के साथ कार्यकर्ताओं का एक मज़बूत जुड़ाव होता है और फिर बूथ कार्यकर्ता भी अधिकतम वोट हासिल करने के लिए भरपूर मेहनत करता है। कांग्रेस का संगठन बिहार में भी गायब है और केवल गाली गलौच की सुर्खियों तक ही सीमित है। अमित शाह को भाजपा का 'चाणक्य' कहा जाता है, और बिहार में उनकी भूमिका निर्णायक साबित हुई। जीत के बाद शाह ने कहा कि यह जनादेश विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण पर मुहर है। जंगलराज और तुष्टीकरण की राजनीति को बिहार ने नकार दिया। विपक्ष के 'वोट चोरी' आरोपों को खारिज करते हुए शाह ने मतदाता सूची शुद्धिकरण को राष्ट्रव्यापी मूड बताया। संक्षेप में, अमित शाह की दूरदर्शी रणनीति, असंतोष प्रबंधन और माइक्रो-प्लानिंग ने एनडीए को असंभव लग रही जीत दिलाई। यह जीत भाजपा की बिहार में मजबूती और शाह के चुनावी मास्टरमाइंड की मिसाल है। बिहार 2025 ने साबित किया कि संगठन और रणनीति से कोई भी चुनौती पार की जा सकती है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ज्ञान का अभिषेक



संकलित
**दर्शन**

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है।


## समस्याएं आती-जाती रहेंगी, हम रुकें नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए। निराश होकर रुकना नहीं चाहिए, लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बदले की भावना है यह

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने फांसी की सजा सुनाई है। उन पर आरोप यह भी है कि उनके राज में जब हिंसक प्रदर्शन हुआ था, तब बहुत से लोग मारे गए थे और वह उस समय वहां से भागकर हमारे देश में आ गई थी और यहां पनाह लिए हुए हैं। राजा का फर्ज होता है कि वो सुख और दुख में प्रजा के साथ खड़ा हो, खासतौर पर दुख में प्रजा के साथ खड़ा होना चाहिए। शेख हसीना बेशक अपनी जान की परवाह करते हुए हमारे देश आ गई थी, लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था, वहीं रहकर अपने देश की समस्या का हल निकालना चाहिए था और विदेशों से मदद की गुहार लगानी चाहिए थी। फिर भी फांसी की सजा बदले की भावना लगती है। – *प्रदीप साहू, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### साईं बाबा का संदेश



श्री सत्य साईं बाबा को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया है। उनका संदेश समय और स्थान की सीमाओं से परे है। करुणा, सेवा और सार्वभौमिक प्रेम की उनकी शिक्षाएं आज भी दुनिया भर के लोगों का मार्गदर्शन करती हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मखाना बोर्ड



पहले मुख्यतः मखाने का उत्पादन बिहार में होता था, लेकिन अब मखाने का उत्पादन छत्तीसगढ़ में भी हो रहा है इसीलिए मखाना बोर्ड में छत्तीसगढ़ को भी शामिल किया जाएगा, ताकि यहां के मखाना किसानों को लाभ मिल सके।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### एनआरसी



असम में एनआरसी अधिसूचित नहीं किया गया है, इसलिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। हालांकि, चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का आदेश दिया है। इससे हमें अवैध लोगों को बाहर निकालने में मदद मिलेगी।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### एसीबी की वसूली



झारखंड में एसीबी ने शराब घोटाले के आरोपियों को गिरफ्तारी का भय दिखाकर सैकड़ों करोड़ की वसूली की। कुछ आरोपियों को गिरफ्तार तो किया, लेकिन तय समय के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की गई।

**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर

# सांता क्लॉज बनकर यहूदी बच्चों को दी जहरीली कैंडी



पूर्वी यूरोप के एक नव–नाजी समूह के नेता ने यहूदियों और नस्लीय रूप से अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसक हमले कराने के लिए लोगों की भर्ती करने की कोशिश का जुर्म स्वीकार कर लिया। इन साजिशों में सांता क्लॉज का भेष धारण कर बच्चों को जहरीली 'कैंडी' बांटना भी शामिल था। संघीय अभियोजकों ने कहा कि वे 22 वर्षीय मिखाइल चिखिकविशविली के लिए 18 वर्ष तक की जेल की सजा की मांग करेंगे। दोषी जॉर्जिया गणराज्य का नागरिक है और उसे 'कमांडर बुचर' के नाम से जाना जाता है। चिखिकविशविली ने ब्रुकलिन की एक संघीय अदालत में घृणा अपराधों के लिए उकसाने और बम व राइसिन बनाने की जानकारी फैलाने के आरोपों को स्वीकार कर लिया। अभियोजकों के अनुसार, चिखिकविशविली अंतरराष्ट्रीय चरमपंथी समूह 'मेनिएक मर्डर कल्ट' का नेता है। यह समूह ऐसी विचारधारा को मानता है जो नस्ली एवं धार्मिक युद्ध छेड़ने के उद्देश्य से हिंसा को बढ़ावा देती है। चिखिकविशविली को जुलाई 2024 में मोल्दोवा में गिरफ्तार किया गया था और मई 2025 में उसे अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया। अभियोजकों के अनुसार, 2022 से वह कई बार ब्रुकलिन आया, जहां उसने एक बुजुर्ग यहूदी व्यक्ति की पिटाई करने का दावा किया।

## ऑफ बीट

# बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद

आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के



स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट–स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट–स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# कुराकाओ ने विश्व कप में जगह बनाकर दुनिया को चौंकाया

## डेढ़ लाख की आबादी वाले कुराकाओ ने किया कमाल, 12 अंकों के साथ ग्रुप-बी में रहा शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| किंग्सटन

कुराकाओ की जनसंख्या लगभग डेढ़ लाख है लेकिन इसके बावजूद उसने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाकर नया इतिहास रच दिया। कुराकाओ ने जमैका के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। इस तरह से वह फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश बन गया है। कुराकाओ के केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार पिछली जनवरी तक देश की जनसंख्या 156,115 थी। इससे पहले विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश आइसलैंड था। उसने जब 2018 में रूस ने खेले गए विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था तब उसकी जनसंख्या लगभग 350,000 थी।

**कोच एडवोकाट के नहीं रहने के बावजूद किया प्रवेश**



कुराकाओ ने कॉनकाकाफ में शामिल देशों के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया तथा 12 अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा। कुराकाओ ने नीदरलैंड के रहने वाले अपने कोच डिक एडवोकाट की अनुपस्थिति के बावजूद यह ऐतिहासिक परिणाम हासिल किया। 78 वर्षीय एडवोकाट को पारिवारिक कारणों से पिछले सप्ताहांत नीदरलैंड लौटना पड़ा था। एडवोकाट तीन बार नीदरलैंड की राष्ट्रीय टीम के कप्तान रहे तथा कुराकाओ में कार्यभार संभालने से पहले वह दक्षिण कोरिया, बेल्जियम और रूस के कोच रहे थे।

# स्कॉटलैंड ने किया 28 साल का सूखा खत्म, किया क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| ग्लासगो

स्कॉटलैंड ने डेनमार्क को हराकर 28 साल के इंतजार के बाद विश्व का फुटबॉल में अपनी जगह सुरक्षित की जबकि ऑस्ट्रिया भी 1998 के बाद पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा। स्पेन ने यूरोप में प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में 31 मैच तक अजेय रहने के इटली के रिकॉर्ड की बराबरी करके अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित की। यूरोपीय क्वालीफाइंग समाप्त होने के साथ ही बेल्जियम और स्विट्ज़रलैंड ने भी विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। इस तरह से यूरोप से 12 टीमों ने अपने ग्रुप में विजेता बनकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



### स्विट्जरलैंड ने कोसोवो को हराकर बनाई जगह

स्कॉटलैंड ने ग्रुप सी में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे डेनमार्क को 4-2 से पराजित करके शीर्ष स्थान हासिल किया। डेनमार्क को ग्रुप सी का विजेता बनने के लिए इस मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी। ऑस्ट्रिया ने बोस्निया और हर्जेगोविना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर ग्रुप एच में शीर्ष स्थान हासिल करके 28 साल के इंतजार के बाद विश्व कप में वापसी की, जबकि बेल्जियम ने लिचटेंस्टाइन को 7-0 से हराया। स्विट्जरलैंड ने कोसोवो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। मिकेल ओयारजाबल ने 62वें मिनट में बराबरी का गोल दागा, जिससे स्पेन ने घरेलू मैदान पर तुर्किए के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस तरह स्पेन का यूरोप में अजेय रहने का सिलसिला 31 मैचों तक पहुंच गया।

## उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु पर बनाई बढ़त : रिंकू ने खेली कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी

# रेड बॉल में रिंकू सिंह की तूफानी बल्लेबाजी, तमिलनाडु के खिलाफ ठोके 176 रन, जड़ा लगातार दूसरा शतक

एजेंसी ▶▶| कोयंबटूर

टी20 क्रिकेट में फिनिशर की भूमिका के लिए मशहूर रिंकू सिंह ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रन की पारी खेली, जिससे उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच के चौथे और अंतिम दिन तमिलनाडु के खिलाफ पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल करके तीन अंक जुटाए। तमिलनाडु के पहली पारी के 455 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने 460 रन बनाकर ड्रॉ हुए मैच में तीन अंक हासिल किए। तमिलनाडु को एक अंक मिला। उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाने में रिंकू की अहम भूमिका रही, जिन्होंने 247 गेंद की अपनी पारी में 17 चौके और छह छक्के मारे। इस टूर्नामेंट में यह उनका लगातार दूसरा शतक है। पिछले मैच में रिंकू ने आंध्र प्रदेश के खलिाफ 165 रन की पारी खेली थी। भारत की राष्ट्रीय टीम जब स्वदेश में टेस्ट मैच में स्पिनरों का सामना करने में जूझ रही है तब रिंकू ने इस पारी से टीम में जगह बनाने की अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है।



### विदर्भ ने बड़ौदा को 144 रन से हराया

नागपुर में पूर्व चैंपियन विदर्भ ने तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे (15 रन पर पांच विकेट) के कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से बड़ौदा को 144 रन से हराया। विदर्भ को इस जीत से छह अंक मिले, जिससे उसने तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। विदर्भ के 276 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा ने 73 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे और अंततः उसकी पूरी टीम 50.4 ओवर में 131 रन पर सिमट गई। विदर्भ के पहली पारी के 169 रन के जवाब में बड़ौदा ने 166 रन बनाए थे। विदर्भ की जीत में नालकंडे की अहम भूमिका रही, जिन्होंने अपने प्रथम श्रेणी पदार्पण के सात साल बाद पहली बार पारी में पांच विकेट चटकाए। बड़ौदा की ओर से दूसरी पारी में सुकीर्त पांडे 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

### झारखंड ने आंध्र को पारी और 81 रन से दी मात

झारखंड के 328 रन के जवाब में आंध्र ने पहली पारी छह विकेट पर 567 रन बनाकर घोषित की। इसके बाद झारखंड की टीम दूसरी पारी में 158 रन पर सिमट गई और उसे पारी के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। आंध्र की ओर से सौरभ कुमार ने 47 रन पर पांच जबकि त्रिपुराना विजय ने 39 रन पर तीन विकेट चटकाए। आंध्र को इस जीत से बोनस अंक सहित सात अंक मिले।

### ओडिशा की नगालैंड पर शानदार जीत

ओडिशा के 465 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नगालैंड की टीम गोविंदा पोद्दार (69 रन पर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 165 रन पर सिमट गई। नगालैंड की ओर से देगा निश्चल ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। ओडिशा को जीत दर्ज करने के लिए छह अंक मिले।



### मुंबई ने पुडुचेरी को पारी और 222 रन से हराया

**मुंबई।** मुंबई ने सिर्फ आधे घंटे में जीत की औपचारिकता पूरी की तथा पुडुचेरी को पारी और 222 रन से हराकर ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। पहली पारी में 498 रन के विशाल अंतर से पीछे रहने वाले पुडुचेरी ने चौथे दिन सुबह 8.3 ओवर में अपने बाकी बचे चार विकेट खोकर केवल 45 रन जोड़े और इस तरह से उसकी पूरी टीम दूसरी पारी में 276 रन पर आउट हो गई। पुडुचेरी की टीम ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 231 रन से की और उसकी हार तय लग रही थी। मुंबई की तरफ से चौथे दिन तुषार देशपांडे ने दो विकेट लिए, जबकि कप्तान शार्दुल ठाकुर और आयुष म्हात्रे को एक-एक विकेट मिला, जिससे मुंबई ने जल्दी ही जीत की औपचारिकता पूरी कर ली। देशपांडे और ठाकुर दोनों ने पांच-पांच विकेट लेकर मैच का अंत किया, जबकि सिद्धेश लाड और आकाश आनंद ने शतक बनाए, जिससे मुंबई ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 630 रन बनाकर पारी घोषित की।

#### आईसीसी वनडे रैंकिंग

## मिचेल बने दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज, रोहित को पछाड़ा



**दुबई।** रोहित शर्मा कुछ समय तक शीर्ष पर रहने के बाद जारी आईसीसी की एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान हासिल किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार शतक की बदौलत मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में नंबर एक स्थान हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने कैरेबियाई टीम के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती मैच में अपना सातवां एकदिवसीय शतक लगाया और यह फॉर्म में चल रहे इस दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए रोहित को पछाड़कर अपने कॅरियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। मिचेल के वर्तमान में 782 रेटिंग अंक हैं, जो रोहित से एक अंक अधिक है। रोहित लगभग तीन हफ्ते तक शीर्ष पर रहे। मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले न्यूज़ीलैंड के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड के दिग्गज ग्लेन टर्नर 1979 में शीर्ष पर थे।

### पहली बार शीर्ष पांच में पहुंचे बावुमा

कोलकाता में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट के समापन के बाद दोनों टीम के कई खिलाड़ियों की बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार हुआ है। मैच की दूसरी पारी में 55 रन बनाकर नाबाद रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा अपने कॅरियर में पहली बार शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। इसी मैच के दौरान चोटिल होने के बावजूद भारतीय कप्तान शुभमन गिल दो स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो सिलहट में आयरलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाने के बाद चार स्थान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### बेल्जियम ने 10 बार के चैंपियन फ्रांस को हराया, सेमीफाइनल में की जगह पक्की

**बोलोग्ना।** जिजोउ बर्ग्स ने आर्थर रिंडरक्नेच को 6-3, 7-6 (4) से पराजित किया, जिससे बेल्जियम ने 10 बार के चैंपियन फ्रांस पर 2-0 की जीत के साथ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। बेल्जियम को फ्रांस के साथ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था, जिसमें 2017 का फाइनल भी शामिल है। सेमीफाइनल में शुक्रवार को उसका सामना इटली या ऑस्ट्रिया से होगा। अंतिम दो क्वार्टर फाइनल गुरुवार को होंगे, जिसमें जर्मनी का सामना अर्जेंटीना से और स्पेन का सामना चेक गणराज्य से होगा। बर्ग्स ने फ्रांस के शीर्ष खिलाड़ी के खिलाफ शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और एक शानदार फोरहैंड विनर के साथ मैच को अपने नाम कर लिया। इससे पहले राफेल कॉलिग्नन ने कोरेंटिन मौटेट को 2-6, 7-5, 7-5 से हराकर बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिलाई थी।

आदर्श पोजना विभाग

संस्कृत संवर्धन की योजना (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की केंद्रीय योजनाएँ

अम्तर्गत

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित

56-57, इंस्टीट्यूशनल एरिया जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

विज्ञापन संख्याः 02/2025 दिनांकः 20.11.2025

संस्कृत संवर्धन की केंद्रीय योजनाओं के तहत मान्यता प्राप्त विभिन्न आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों (ASMs)/ आदर्श संस्कृत शोध संस्थान (ASSs) में शिक्षण/अन्य शैक्षिक पदों पर सीधी भर्ती के लिए रिक्तियों की अधिसूचना

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली (CSU) संस्कृत संवर्धन के लिए भारत सरकार की केंद्रीय योजनाओं को लागू करने हेतु शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की नोडल एजेंसी है। केंद्रीय योजनाओं में से एक, अर्थात "आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों (ASMs) / आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों (ASSSS) के रूप में मान्यता प्राप्त संस्थानों को वित्तीय सहायता योजना (संशोधित आदर्श योजना-2022)" के तहत, देश के विभिन्न हिस्सों में वित्तीय सहायता के लिए कई संस्थानों को ASMs/ASSS5 के रूप में मान्यता दी गई है। इस संदर्भ में, इस योजना में निहित प्रावधानों के तहत, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली, इन अनुदानग्राही आदर्श संस्थानों की ओर से, उपर्युक्त योजना के तहत मान्यता प्राप्त विभिन्न AsMs/ASSs में निम्नलिखित शिक्षणा अन्य शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। शिक्षण/अन्य शैक्षणिक पदों के लिए रिक्तियों की संख्या और आरक्षण का विवरण निम्नलिखित हैः

| क्र.सं. | पद | विषय | रिक्तियों की संख्या और आरक्षण का विवरण | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक आचार्य शैक्षणिक वेतन स्तर-10 (रु. 57,700-1,82,400)] | व्याकरण, दर्शन, साहित्य, पुराणेतिहास, ज्योतिष, बौद्ध दर्शन, धर्मशास्त्र, वेद पौरोहित्य एवं कर्मकांड, न्याय, वेदांत जैसे पारंपरिक संस्कृत विषयों में; और अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, मणिपुरी जैसे आधुनिक विषयों में, तथा अनुसंधान (दर्शन/संस्कृत, पांडुलिपि विज्ञान, संपादन एवं प्रकाशन) में एवं ग्रन्थालय विज्ञान | अनारक्षित-27 अनु. जाति-9 अनु. जनजाति-01 अन्य पिछड़ा वर्ग-15 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-07 | दिव्यांग व्यक्ति -04 |
| 2. | कॉलेज लाइब्रेरियन शैक्षणिक वेतन स्तर-10 (रु. 57,700-1,82,400)] | | | |
| | | कुल पद | 59* | |

➢ ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथिः 20.11.2025 (गुरुवार)।

➢ ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 20.12.2025 (शनिवार) रात 11.30 बजे (IST) तक [जिसके बाद लिंक निष्क्रिय कर दिया आएगा।

➢ हार्ड कॉर्प प्राप्त होने की अंतिम तिथिः 29.12.2025 (सोमबार)।

अनु. जाति- अनुसूचित जाति (Scheduled Caste), जनु, जमजाति अनुसूचित जनजाति (Scheduled Tribe), अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य निसड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर (Other Backward Class Non-creamy layer), दिव्यांग व्यक्ति- बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (Persons with Benchmark Disability), आर्थिक उत्प से कमजोर वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर बर्ग (Economically Weaker Section), अनारक्षित (reserved)

नोट-1ः उपर्युक्त रिक्तियाँ संबंधित AsMs/ASSs से प्राप्त जानकारी पर आधारित हैं और ये पूरे भारत में स्थित 16 AsMs/ASSs की संयुक्त रिक्तियाँ है। विषय-बार और संस्थान-बार रिक्तियों का विवरण तथा आवेदन भरने की प्रक्रिया आदि इस विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sanskrit.nic.in पर "Recruitment/Notification" (अधिसूचना शीर्षक के तहत उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन में देखी जा सकती है। यह विज्ञापन संबंधित 16 AsMs/ASSs की वेभसाइटों में भी देखा जा सकता है। उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से वेबसाइट www.sanskrit.nic.in के माध्यम से ऑपलाइन आवेदन करना होगा। यह विज्ञापन केवल एक संक्षित्र अधिसूचना है। इच्छुक उम्मीदवारों से विशेषाग्रह है कि वे आवेदन भरने से पहले उपर्युक्त वेबपेज में विस्तृत विज्ञापन को अवश्य देखे। परीक्षाओं और साक्षात्कारों के आयोजन की तिथि आदि की सूचना नियत समय पर केवल वेबसाइट www.sanskrit.nic.in के माध्यम में दी जाएगी इसके अलावा, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारी प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से देखते रहें।

नोट- 2. इन पदों के लिए नियुक्तिः प्राधिकारी (Appointing Authority) केवल संबंधित आदर्श संस्थान हैं और वे ही चयनित उम्मीदवार (कर्मचारी) के नियोक्ता (Employer) माने जाएगे। सभी आवेदक यह ध्यान दें कि "इस योजना के तहत वित्तीय महायता प्राप्त करने वाले ASM/ASSS में शिक्षण के साथ-साथ अन्य शैक्षणिक पदों पर नियुक्त सभी व्यक्ति उसी विशेष AsM/ASSs के कर्मचारी होंगे, न कि भारत सरकार/केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय की देयता (Liability) AsM/ASSs को अनुदान/वित्तीय सहायता प्रदान करने और इस संशोधित आदर्श योजना, 2022 में निर्धारित मुद्दों पर प्रशासनिक नियंत्रण तक सीमित रहेगी।"

CBC 21212/12/0002/2526 हस्ता./-कुलसचिव (प्र.)

**भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीते 11 पदक**

# बधिर ओलंपिक : अभिनव और प्रांजलि की जोड़ी ने साधा गोल्ड पर निशाना

एजेंसी ▶▶| टोकियो

अभिनव देशवाल और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता के 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि कुशाग्र सिंह राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

इस तरह भारतीय निशानेबाजों ने 25वें बधिर ओलंपिक में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। भारतीय निशानेबाज अभी तक इस प्रतियोगिता में कुल 11 पदक जीत चुके हैं। अभिनव और प्रांजलि ने चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिंग-जुई ह्सू पर 16-6 से शानदार जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया।




### कुशाग्र ने जीता कांस्य पदक

दूसरी स्पर्धा में कुशाग्र ने 224.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने 251.0 अंक बनाकर बधिर विश्व और ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। जर्मनी के कोलिन म्यूएलर ने 245.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। अभिनव और प्रांजलि ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में शुरू से ही अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी और अपने प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले इस जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में खुद के ही बधिर विश्व और ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की थी। भारतीय जोड़ी ने कुल मिलाकर 569 का स्कोर बनाया, जिसमें अभिनव ने 287 और प्राजंलि ने 582 अंक का योगदान दिया। इन दोनों ने क्वालीफिकेशन में भी पहला स्थान हासिल किया था।

### निकहत, जैसमीन और चार अन्य भारतीय मुक्केबाज फाइनल में

**ग्रेटर नोएडा।** दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन , जैसमीन लंबोरिया और भारत के चार अन्य मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स के चौथे दिन बुधवार को फाइनल में प्रवेश कर लिया। जादुमणि सिंह एम (50 किलो), पवन बर्तवाल (55 किलो), सचिन सिवाच (60 किलो) और हितेश गुलिया (70 किलो) भी खिताबी मुकाबले में पहुंच गए । भारत के 15 मुक्केबाज बृहस्पतिवार को स्वर्ण पदक का मुकाबला खेलेंगे। कंधे की चोट के कारण एक साल बाहर रहने के बाद सितंबर में विश्व चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने वाली निकहत ने 51 किलो वर्ग में कड़े सेमीफाइनल मुकाबले में उजबेकिस्तान की जानीवा गुलसेवर को हराया। निकहत आखिरी बार 20 महीने पहले पिछले साल फरवरी में स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में पोडियम तक पहुंची थी । दिल्ली में दो साल पहले विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाली निकहत ने कहा ," मुझे खुशी है कि पेरिस ओलंपिक के बाद मेरे पदकों का खाता खुला है।

### राष्ट्रीय तलवारबाजी : हरियाणा ने महिला साबरे, एसएससीबी ने पुरूष इपी में खिताब जीते

**नई दिल्ली।** हरियाणा और तमिलनाडु ने यहां 36वीं राष्ट्रीय सीनियर तलवारबाजी चैम्पियनशिप में क्रमशः महिला साबरे और फोइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जबकि एसएससीबी ने पुरूष ईपी में खिताब अपने नाम किया । महिला साबरे टीम वर्ग के फाइनल में हरियाणा ने पंजाब को 45 . 44 से मात दी । महाराष्ट्र और तमिलनाडु को कांस्य पदक मिला । सेमीफाइनल में हरियाणा ने महाराष्ट्र को 45 . 43 से और पंजाब ने तमिलनाडु को 45 . 33 से मात दी। पुरूष इपी फाइनल में एसएससीबी ने जम्मू कश्मीर को 45 . 29 से हराया । पंजाब और मणिपुर को कांस्य पदक मिले। सेमीफाइनल में एसएससीबी ने पंजाब को 45 . 29 से जबकि जम्मू कश्मीर ने मणिपुर को 45 . 32 से हराया । महिला फोइल फाइनल में तमिलनाडु ने मणिपुर को 45 . 36 से मात दी ।

# आस्ट्रेलियाई ओपन में भारतीय खिलाड़ियों की दमदार शुरुआत

एजेंसी ▶▶| सिडनी

लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय सहित पांच भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार शुरुआत करते हुए 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। लक्ष्य ने चीनी ताइपे के सु ली यांग को 21-17, 21-13 से हराया, जबकि प्रणय ने खराब शुरुआत से उबरते हुए पहले दौर के मैच में योहानेस सौत मार्सेलिनो को 57 मिनट में 6-21, 21-12, 21-17 से हराया। लक्ष्य का अगला मुकाबला ची यू जेन या वांग त्जु वेई से होगा जबकि प्रणय इंडोनेशिया के आठवें वरीय अल्वी फरहान से भिड़ेंगे। आयुष शेट्टी ने कनाडा के सैम युआन को 33 मिनट में 21-11, 21-15 से पराजित किया। कर्नाटक के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी का सामना दूसरे दौर में जापान के चौथे वरीय कोडाई नाराओका से होगा।



### मन्नेपल्ली ने योहानसन को 66 मिनट में हराया

थारुण मन्नेपल्ली ने डेनमार्क के मैग्नस योहानसन को 66 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराया। राष्ट्रीय खेल 2023 के स्वर्ण पदक विजेता मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला चीनी ताइपे के पांचवें वरीय लिन चुन-यी से होगा। किदांबी श्रीकांत भी 64 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के ली चिया हाओ को 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए।





पाक के वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक का दिल्ली आतंकी हमले पर बड़ा कबूलनामा

# पाक पर भारत की कार्रवाई के चलते लाल किले से कश्मीर तक हमने कराए 'हमले'


चौधरी अनवरुल हक

चौधरी अनवरुल हक ने कहा कि पाकिस्तान बलूचिस्तान में भारत की कथित दखल के बदले में भारतीय शहरों में हमले कर रहा है। हक ने इस हमले पर तंज कसते हुए कहा कि भारत शायद अभी तक सभी शवों की गिनती भी नहीं कर पाया होगा

*बयान पाक की ओर से आतंकी ढांचे को खुले समर्थन और बढ़ावा देने का बड़ा प्रमाण*

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक ने भारत के भीतर आतंकी हमलों में पाक-समर्थित संगठनों की भूमिका का खुलकर इकबाल कर बड़ा राजनीतिक भूचाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके से लेकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले तक, भारत को निशाना बनाना पाकिस्तान की ओर से बदले की कार्रवाई थी। एक वायरल वीडियो में हक ने दावा किया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉड्यूल ने 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए कार धमाके को अंजाम दिया, जिसमें 14 लोगों की मौत हुई। इस हमले का मास्टरमाइंड उमर उन नबी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े व्हाइट कॉलर नेटवर्क का हिस्सा बताया गया, जिसे फरीदाबाद में गिरफ्तार किया गया था।

## बलूचिस्तान में भारत के दखल के कारण किए हमले

हक ने पहलगाम के बैसारन वैली में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया, जिसमें 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बलूचिस्तान में भारत की कथित दखल के बदले में भारतीय शहरों में हमले कर रहा है। हक ने इस हमले पर तंज कसते हुए कहा कि भारत शायद अभी तक सभी शवों की गिनती भी नहीं कर पाया होगा। उन्होंने कहा कि अगर बलूचिस्तान में खून बहाओगे, तो हम भारत को लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक चोट पहुंचाएंगे यह बयान पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व की ओर से आतंकी ढांचे को खुले समर्थन और बढ़ावा देने का सबसे गंभीर और बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।

## ब्लास्ट के लिए कानपुर से पुरानी

दिल्ली विस्फोट के बाद 32 कारों के माध्यम से सीरियल ब्लास्ट करने की योजना बनाने की बात सामने आई है। इन्हें अलग-अलग शहरों से खरीदे जाने की आशंका है। जांच एजेंसियों को ऐसी ही दो कारों को कानपुर से खरीदे जाने के इनपुट मिले हैं। ये कारें पुरानी हैं इन्हें एक ही विक्रेता से खरीदे जाने का सुराग लगा है। जांच एजेंसियां इन दोनों लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं।

## जसीर का फिदायीन हमला करने से इनकार

दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड से पकड़े गए आरोपी जसीर उर्फ दानिश से पूछताछ में पता चला कि डॉ. उमर घोर कट्टरपंथी था। वह इस बात पर लगातार जोर देता था कि आतंकी साजिश को अंजाम देने के लिए एक आत्मघाती हमलावर की जरूरत थी। आतंकियों की साजिश उस समय विफल हो गई जब ऐन मौके पर जसीर उर्फ दानिश ने फिदायीन दस्ते में शामिल होने से मना कर दिया था। जसीर ने इस्लाम में खुदकुशी वर्जित होने का हवाला देते हुए सुसाइड बॉम्बर बनने से इनकार कर दिया था। अप्रैल 2025 में जसीर पीछे हट गया तो आतंकियों की यह योजना फेल हो गई।

## कृषि, साइबर सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में करेंगे द्विपक्षीय बैठकें

**नई दिलली ।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल 20 से 22 नवंबर 2025 तक इजराइल की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। उनकी यह यात्रा इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के निमंत्रण पर हो रही है। गोयल की यह यात्रा भारत और इजराइल के बीच बढ़ते रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को रेखांकित करती है और व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार एवं निवेश के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



इससे भारत और इजराइल के बीच दीर्घकालिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने, आर्थिक संबंधों को मजबूत करने तथा पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग के लिए नए अवसर तैयार होने की उम्मीद है। गोयल के साथ सीआईआई, फिक्की, एसोचैम और स्टार्ट-अप इंडिया का एक 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा।

## भारतीय रक्षा क्षेत्र में संयुक्त उद्यम और नए सहयोग की संभावनाएं, निवेश करें

**एजेंसी दुबई।** भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के दौरान, दुबई में 'भारत में रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग और विनिर्माण' विषय पर सम्मेलन की अध्यक्षता की, जिसमें 50 वैश्विक और भारतीय कंपनियों ने भाग लिया। उन्होंने भारत की बढ़ती रक्षा विनिर्माण क्षमताओं पर प्रकाश डाला, संयुक्त उद्यमों को प्रोत्साहित किया और भारत के बढ़ते रक्षा क्षेत्र में विकास और उत्पादन के उभरते अवसरों में निवेश का आग्रह किया।

भारत दौरे पर आए अफगान मंत्री अजीजी

## 5 दिनी यात्रा के दौरान द्विपक्षीय व्यापार सहित कई मुद्दों पर चर्चा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


अलहाज नूरुद्दीन अजीजी (दाएं)

अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी पांच दिनों के भारत के आधिकारिक दौरे पर आए हैं। जहां वह भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने समेत तमाम मुद्दों पर बातचीत करेंगे। नई दिल्ली पहुंचने पर विदेश मंत्रालय ने उनका जोरदार स्वागत किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि यह यात्रा भारत-अफगानिस्तान आर्थिक साझेदारी को एक नई दिशा का अवसर है। साथ ही उन्होंने अजीजी के भारत आने पर हार्दिक स्वागत किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अलहाज नूरुद्दीन अजीजी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में शामिल हो सकते हैं। साथ ही वह इन 5 दिनों की यात्रा के दौरान सरकार के तमाम अफसरों से व्यापार समेत कई मुद्दों पर अफसरों से मुलाकात करेंगे।

### अफगान विदेश मंत्री भी आए थे

वहीं अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी अक्टूबर में भारत के आधिकारिक दौरे पर आए थे। इस दौरान उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की थी और भारत को आश्वस्त किया था कि वह किसी को भी अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी के खिलाफ करने की इजाजत नहीं देंगे। मुत्ताकी ने भूकंप के दौरान अफगानिस्तान को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए भारत का धन्यवाद भी किया। साथ ही भारत को अपनी घनिष्ठ दोस्त भी बताया।

## अफगानिस्तान सीमा पर बाड़ लगाएगा पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने देश की सीमाओं पर सुरक्षा को मजबूत करने, नौसैनिक अड्डों को उन्नत करने और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) की सुरक्षा बनाए रखने के वास्ते 50 अरब पाकिस्तानी रुपए (पीकेआर) के रक्षा अनुपूरक बजट को मंजूरी दे दी है। यह फैसला मंगलवार को मंत्रिमंडल की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) की बैठक में लिया गया। कुल राशि में से 39 अरब पीकेआर थलसेना को तथा लगभग 11 अरब पीकेआर नौसेना को आवंटित किए गए हैं। उत्तरी क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार विशेष सुरक्षा प्रभाग उत्तरी के लिए 8 अरब पीकेआर आवंटित किए गए हैं। रक्षा बजट में 2 अरब पीकेआर की राशि अफगानिस्तान और ईरान से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर बाड़ लगाने के लिए आवंटित की गई है।

## आज कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में समुद्री सुरक्षा को लेकर होगा मंथन

**नई दिल्ली ।** में हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने वाले कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की सातवीं बैठक 20 नवंबर को होगी।

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इस महत्वपूर्ण बैठक की मेजबानी करेंगे। इस बैठक में मालदीव, मॉरीशस, श्रीलंका और बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शामिल होंगे। सेशेल्स इस बार



पर्यवेक्षक देश के तौर पर हिस्सा लेगा, जबकि मलेशिया को विशेष अतिथि के रूप में न्योता दिया गया है। इससे पहले छठी बैठक दिसंबर 2023 में मॉरीशस में हुई थी। इसके बाद अगस्त 2024 में श्रीलंका में सभी सदस्य देशों ने कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के औपचारिक संस्थापक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। इन देशों के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी लगातार संपर्क में रहते हैं और उनकी आखिरी बैठक जुलाई 2024 में ऑनलाइन हुई।

## चीन ने अपने लड़ाकू विमान जे-35 बेचने के लिए राफेल के दुष्प्रचार की रची थी 'साजिश'

फ्रांसीसी खुफिया एजेंसी ने भी इस बात की पुष्टि की



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर चलाया तब चीन ने खुलकर और हर तरह से पाकिस्तान की न सिर्फ मदद दी बल्कि भारतीय वायु सेना के युद्धक विमान राफेल के खिलाफ जमकर दुष्प्रचार भी किया। यहां तक कि इंटरनेट पर आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस से बनाए गए विमानों के टुकड़ों को भारतीय वायु सेना की तरफ से इस्तेमाल किये गये राफेल के ध्वस्त टुकड़ों के तौर पर पेश किया गया। चीन की कोशिश रही कि फ्रांसीसी कंपनी की तरफ से तैयार राफेल की जगह उसकी जे-10 युद्धक विमान ज्यादा सही हैं। इस आधार पर चीन ने इंडोनेशिया की तरफ से राफेल खरीदने के प्रस्ताव को स्थगित करने में सफलता भी हासिल की। इस सनसनीखेज तथ्यों का खुलासा अमेरिकी कांग्रेस की तरफ से गठित अमेरिका-चीन आर्थिक व सुरक्षा समीक्षा आयोगकी ताजी रिपोर्ट में किया हुआ है।

*भारतीय ज्ञान को आधुनिकता से जोड़ने की अपील*

## प्रवासी समुदाय की सफलता भारत की वैश्विक पहचान और प्रतिष्ठा को बढ़ाती है

एजेंसी ▸▸ नई दिलली

केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने अजरबैजान के बाकू में प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने डिजिटल इनोवेशन, रिन्यूएबल एनर्जी, स्पेस एक्सप्लोरेशन और आर्थिक गतिशीलता में देश की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रवासी समुदाय भारत की यात्रा का एक अभिन्न अंग बने हुए हैं।



डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि प्रवासी समुदाय की सफलता भारत की वैश्विक पहचान को बढ़ाती है। उनके द्वारा किए गए निवेश अवसरों को पैदा करते हैं और उनके बच्चे दो संस्कृतियों के बीच भविष्य के सेतु का काम करते हैं।

**विरासत गहराई से समाई**

*केंद्रीय राज्य मंत्री पेम्मासानी ने कहा कि यह सभा मॉडर्न, रेजिलिएंट और महत्वाकांक्षी भारत का चेहरा है, जो अपने देश से हजारों मील दूर होने के बावजूद भी अपनी विरासत में गहराई से समाया हुआ है।*











हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25